E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 37 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, गुरुवार 20 अगस्त, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## झारखंडः परीक्षाएं रद्द करने के सरकार के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे चयनित अभ्यर्थी, तीन याचिकाएं दायर




रांची। झारखंड में 22 नियुक्ति परीक्षाओं को रद्द किए जाने के फैसले के बाद प्रभावित अभ्यर्थियों ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मंगलवार और बुधवार को तीन अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की गई हैं। इनमें 11वीं से 13वीं जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा से जुड़े चयनित अभ्यर्थियों के अलावा फूड सेफ्टी ऑफिसर परीक्षा से जुड़े अभ्यर्थी भी शामिल हैं। जेएसएससी-सीजीएल के चयनित अभ्यर्थियों की ओर से भी सरकार के फैसले को चुनौती देते हुए त्वरित सुनवाई की मांग की गई है। फिलहाल ये याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई हैं। याचिकाकर्ताओं में अवधेश कुमार, दीपमाला, सोनम कुमारी, सौरभ सिंह समेत अन्य सफल अभ्यर्थी शामिल हैं। इनका मुख्य तर्क है कि सरकार ने बिना उनका पक्ष सुने एकतरफा तरीके से परीक्षाओं और नियुक्तियों को रद्द कर दिया। बड़ी संख्या में अभ्यर्थी ऐसे हैं, जो चयन के बाद सरकारी सेवा में योगदान दे चुके हैं। ऐसे में फैसले के कारण उनकी नौकरी पर सीधा संकट खड़ा हो गया है। अभ्यर्थियों ने अपने पक्ष में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का भी हवाला दिया है। उनका कहना है कि यदि जांच में किसी अभ्यर्थी की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए लेकिन सभी सफल अभ्यर्थियों को बगैर जांच और सुनवाई नौकरी से हटाया जाना उचित नहीं है। उनका दावा है कि उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के तहत परीक्षा दी, मेरिट में आए और नियुक्ति हासिल की। जेएसएससी-सीजीएल के मामले में कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से यह तर्क भी दिया गया है कि परीक्षा का परिणाम हाईकोर्ट के पूर्व आदेशों के बाद जारी हुआ था। ऐसे में बाद में पूरी परीक्षा को रद्द करने के सरकार के फैसले की वैधानिकता पर भी सवाल उठाया गया है। अब इन मामलों में हाईकोर्ट का रुख महत्वपूर्ण होगा। दरअसल, झारखंड सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों को लेकर सीआईडी और एसआईटी की जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर बड़े पैमाने पर परीक्षाएं रद्द करने का फैसला लिया है। इनमें जेपीएससी की 11वीं से 13वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा, जेएसएससी-सीजीएल, सिविल जज, डिप्टी कलेक्टर, फूड सेफ्टी ऑफिसर, ड्रग इंस्पेक्टर, असिस्टेंट प्रोफेसर, लेक्चरर, असिस्टेंट इंजीनियर, वन क्षेत्राधिकारी और सहायक वन संरक्षक समेत विभिन्न पदों की परीक्षाएं शामिल हैं। झारखंड में 22 नियुक्ति परीक्षाओं को रद्द किए जाने के बाद विवाद अब न्यायिक लड़ाई में बदल गया है। प्रभावित अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा में कथित गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन पूरी परीक्षा और नियुक्तियों को रद्द करने से उन अभ्यर्थियों के साथ अन्याय हो रहा है, जिन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के तहत परीक्षा पास की है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से मांग की है कि सरकार के फैसले पर रोक लगाई जाए और चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्तियों को सुरक्षित रखा जाए। उनका कहना है कि यदि किसी स्तर पर अनियमितता हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

## वंदे मातरम पर कांग्रेस का बड़ा फैसला : पार्टी कार्यक्रमों में गाए जाएंगे केवल दो अंतरे

नई दिल्ली। कांग्रेस कार्यसमिति (CWC) की नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में आयोजित अहम बैठक में पार्टी ने 'वंदे मातरम' के गायन को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने बैठक के बाद ऐलान किया कि पार्टी 1937 में लिए गए अपने ऐतिहासिक फैसले पर कायम रहेगी, जिसके तहत पार्टी के सभी आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के शुरुआती दो अंतरे (पैरा) ही गाए जाएंगे। हमारे लिए भावना, भाजपा के लिए राजनीति के.सी. वेणुगोपाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रगान और वंदे मातरम कांग्रेस के लिए गहरी आस्था और भावना के विषय हैं, जबकि सत्ताधारी दल केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए इसका इस्तेमाल करता है। गौरतलब है कि 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा द्वारा वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया गया था, जिसमें कुल 6 छंद (पैरा) हैं। यह फैसला 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान उपजे विवाद की पृष्ठभूमि में आया है। इसके साथ ही इस वर्ष 15 अगस्त पर पहली बार लाल किले की प्राचीर से पूरे 6 छंद गाए गए थे।

## दिल्ली के टिकरी कलां में CNG पंप पर जोरदार धमाका, एक की मौत और छह घायल




नई दिल्ली। दिल्ली के टिकरी कलां इलाके में बुधवार को CNG पंप पर ट्रक में गैस भरते समय जोरदार धमाका हो गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल बताए गए हैं। धमाके के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। जानकारी के अनुसार, टिकरी कलां मेट्रो स्टेशन के पास स्थित CNG स्टेशन पर एक ट्रक में गैस भरी जा रही थी। इसी दौरान ट्रक के CNG सिलेंडर में अचानक विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के इलाके में भी इसकी आवाज सुनाई दी। घटना के बाद पंप पर मौजूद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 25 वर्षीय मनीष के रूप में हुई है, जो बाबा हरिदास कॉलोनी का रहने वाला था और CNG भरने के काम से जुड़ा बताया गया है। हादसे में घायल छह लोगों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों की हालत गंभीर बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। सुरक्षा के मद्देनजर पंप और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित किया गया तथा राहत कार्य के साथ स्थिति को नियंत्रण में लिया गया। फिलहाल धमाके की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हुई है। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें ट्रक, CNG सिलेंडर, रीफिलिंग प्रक्रिया और पंप की सुरक्षा व्यवस्था की जांच कर रही हैं।

## भाजपा ने अमित मालवीय की आईटी सेल से की छुट्टी, पद से हटने के बाद किया इमोशनल पोस्ट



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने अपने सोशल मीडिया विभाग में नई जिम्मेदारियां तय की हैं। पार्टी के पूर्व आईटी सेल चीफ अमित मालवीय ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने दीपक म्हास्के का खास तौर पर स्वागत किया। म्हास्के अब सोशल मीडिया विभाग के प्रमुख की जिम्मेदारी संभाले रहे हैं। अमित मालवीय ने कहा कि यह बदलाव ऐसे समय हुआ है, जब पार्टी अपने संगठन और संदेश को देश के हर हिस्से तक पहुंचाने की तैयारी कर रही है। बीजेपी के सभी नए पदाधिकारियों को बधाई। उनकी नियुक्ति ऐसे अहम समय पर हुई है जब पार्टी नई ऊंचाइयां छूने और अपने संदेश व संगठन को देश के हर कोने तक पहुंचाने की तैयारी कर रही है। मैं खास तौर पर श्री दीपक म्हास्के जी को बधाई देना चाहता हूं, जो बीजेपी के सोशल मीडिया विभाग के प्रमुख के तौर पर मेरी जगह लेंगे, और साथ ही सह-संयोजकों - श्रीमती प्रीति गांधी जी, श्री शिवानंद द्विवेदी जी, श्री आलोक भट्ट जी और श्री अरुण यादव जी को भी बधाई देता हूं।सोशल मीडिया पर बीजेपी के विशाल समर्थक आधार - जो प्रतिबद्धता, ऊर्जा और नए विचारों से भरा-पूरा समुदाय है - का बहुत-बहुत धन्यवाद। यह परिवार हर उतार-चढ़ाव में साथ खड़ा रहा है और भारत की जन-चर्चा को नई दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभाई है। आप मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से और इस मकसद के लिए ताकत का एक अद्भुत स्रोत रहे हैं। इस विभाग की कमान संभालने के दौरान पिछले ग्यारह वर्षों में मुझे आप में से कई लोगों से मिलने और बातचीत करने का मौका मिला, और वे मुलाकातें हमेशा खास रहेंगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और बीजेपी के नेतृत्व में भारत और भी बड़ी ऊंचाइयां छूने के लिए तैयार है। इस सफर में आपके योगदान को याद रखा जाएगा और सुनहरे शब्दों में दर्ज किया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर को भारत का 'अहम' हिस्सा बताने से बौखलाया PAK, US राजनयिक को किया तलब



नई दिल्ली। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की ओर से जम्मू कश्मीर को भारत का अहम हिस्सा कहने से पाकिस्तान तिलमिला उठा है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने अमेरिका की प्रभारी राजदूत नताली बेकर को तलब करके सर्चियो गोर की टिप्पणी के खिलाफ विरोध जताया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि जम्मू-कश्मीर एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विवादित क्षेत्र है। इसका अंतिम फैसला संबंधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप होना बाकी है।पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, अमेरिकी राजदूत का बयान जम्मू-कश्मीर विवाद पर अमेरिका के लंबे समय से चले आ रहे अमेरिका के रुख के खिलाफ है। पाकिस्तान ने अमेरिका से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि उसके सार्वजनिक बयान जम्मू-कश्मीर की विवादित स्थिति के अनुकूल ही हों। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को कहा कि अमेरिका जम्मू-कश्मीर के लिए जारी यात्रा परामर्श की समीक्षा करेगा, क्योंकि केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने क्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कदम उठाए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अहम हिस्सा और एक बेहद खूबसूरत जगह है। गोर ने कहा, 'अमेरिका यात्रा से जुड़ी चेतावनियां जारी करता है और हम समय-समय पर इनकी समीक्षा भी करते हैं। मैं आज यहां कोई बड़ी घोषणा तो नहीं कर सकता, लेकिन हम इस मुद्दे पर विचार जरूर करेंगे।' उन्होंने कहा, 'हमारा मानना है कि नई दिल्ली, यहां के मुख्यमंत्री और यहां के प्रशासन ने इस क्षेत्र को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कुछ बेहतरीन कदम उठाए हैं। इसलिए हम इस बात पर विचार करेंगे कि क्या अमेरिका की ओर से जारी यात्रा चेतावनी के स्तर को कम किया जाना चाहिए, क्योंकि जैसा कि मैंने पहले कहा कि यह एक खूबसूरत जगह है। मुझे लगता है कि बहुत से अमेरिकी जम्मू-कश्मीर आकर इसकी खूबसूरती का दीदार करना और यहां मौजूद अवसरों के बारे में जानना पसंद करेंगे।' गोर की टिप्पणी के बाद पाकिस्तान की ओर से जताई गई आपत्ति ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर को लेकर दोनों देशों के बीच जारी कूटनीतिक मतभेद को सामने ला दिया है। पाकिस्तान ने अमेरिकी पक्ष के सामने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि वह जम्मू-कश्मीर को लेकर अपने पुराने रुख पर कायम है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी प्रभारी राजदूत नताली बेकर को तलब कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। पाकिस्तान का कहना है कि जम्मू-कश्मीर के संबंध में किसी भी प्रकार का बयान उसकी घोषित नीति के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था में सुधार का उल्लेख करते हुए अमेरिका की ओर से जारी यात्रा परामर्श की समीक्षा की संभावना भी जताई।

## आंदोलन पर विराम के बाद हजारों छात्रों ने निकाली आभार यात्रा, अल्बर्ट एक्का चौक पर जश्न

रांची। झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी के खिलाफ जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में पिछले 26 दिनों से चल रहे छात्रों के आंदोलन पर बुधवार को विराम लग गया। आंदोलन की समाप्ति के बाद शाम को हजारों छात्रों ने रांची में आभार यात्रा निकाली। मेन रोड स्थित ऐतिहासिक अल्बर्ट एक्का चौक पर पहुंचते ही यात्रा ने उत्सव का रूप ले लिया। छात्रों ने ढोल-नगाड़ों के बीच नारेबाजी की और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। आभार यात्रा में राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए। छात्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताने के लिए जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से निकले। यात्रा के दौरान छात्रों के हाथों में बैनर और तख्तियां थीं। वे सरकार के फैसलों के समर्थन में नारे लगा रहे थे। अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचने पर छात्रों का फूलों की पंखुड़ियों से स्वागत किया गया। कई स्थानों पर लोगों ने यात्रा में शामिल छात्रों पर फूल बरसाए।

## महुआ मोइत्रा के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी होने पर नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बनर्जी की प्रतिक्रिया



कोलकाता। पश्चिम बंगाल में हेट स्पीच मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ गई है। नादिया जिले की एक कोर्ट ने बुधवार को टीएमसी सांसद के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी कर दिया है। इस पर अब नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बनर्जी ने हमला बोला है।ऋतब्रत बनर्जी ने समन की अनदेखी करने को गैरकानूनी बताया है। साथ ही कहा है कि महुआ मोइत्रा को लगता है कि 15 साल का नियम अभी भी जारी है। ऋतब्रत बनर्जी ने कहा, 'अगर कोई समन मिलने के बाद भी पेश नहीं होता है, तो अरेस्ट वारंट जारी करना देश का कानून है। अगर आप बार-बार समन को नजरंदाज करते हैं, तो आपके पास पक्का अरेस्ट वारंट होगा। महुआ मोइत्रा अभी भी इनकार कर रही हैं। उन्हें लगता है कि 15 साल का नियम अभी भी जारी है और वह जो चाहें कर सकती हैं। लेकिन कोर्ट के साथ ऐसा नहीं होता है। अगर आप मांगेंगे तो आपको एक या दो बार छूट मिल जाएगी, लेकिन अगर आप उनके सामने पेश नहीं होते हैं, तो अरेस्ट वारंट आम बात है।' अदालत ने अपने आदेश में कहा कि कोर्ट के आदेश की लगातार अनदेखी, आरोपी का कोर्ट के आदेश का पालन करने के प्रति लापरवाह रवैया दिखाता है और इसलिए अदालत के पास उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है। इधर, महुआ के पक्ष में उनके वकील ने दलील दी है कि अगर वह पेश होती हैं, तो अदालत परिसर के बाहर उनके साथ बदसलूकी हो सकती है।टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इनमें उनके खिलाफ धारा 79 जो महिला की गरिमा का अपमान के दायरे में आती है, धारा 196 जो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने को लेकर है, धारा 299, धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाना और धारा 351 और 353 के तहत केस दर्ज किया गया है। वहीं, महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वकील ने अदालत में उनकी अनुपस्थिति का कारण बताते हुए सुरक्षा संबंधी चिंता जताई। उनका कहना है कि यदि महुआ अदालत में पेश होती हैं तो कोर्ट परिसर के बाहर उनके साथ दुर्व्यवहार की आशंका है। इसी वजह से उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति को लेकर आपत्ति जताई गई। इसके अलावा धमकी और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

## राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू, कांग्रेस ने सरकार को घेरने की बनाई रणनीति



जयपुर। राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र आज (20 अगस्त) से शुरू होने जा रहा है। सत्र से पहले विपक्ष ने सरकार को घेरने की रणनीति तैयार कर ली है।

बुधवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें शिक्षा, सड़क, बिजली और पानी जैसे बुनियादी मुद्दों को प्रमुखता से सदन में उठाने पर सहमति बनी। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है। पार्टी का कहना है कि विधानसभा सत्र की अवधि पर्याप्त होनी चाहिए, ताकि प्रदेश से जुड़े अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जा सके।विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर विधानसभा के मानसून सत्र को छोटा रखना चाहती है, ताकि जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा न हो सके। कांग्रेस ने मांग की है कि विधानसभा का सत्र कम से कम 15 कार्य दिवसों तक चलाया जाए, ताकि सभी जरूरी मुद्दों पर सदन में चर्चा हो सके और सरकार से जवाब मांगा जा सके। राजस्थान के सरकारी स्कूलों में मीडिया और अन्य लोगों की एंट्री तथा फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर कथित रोक को लेकर भी विवाद बढ़ता जा रहा है।

## कांग्रेस की बैठक में 88 से ज्यादा लोग मौजूद, केंद्र सरकार पर लगाए आरोप, जानिए किस नेता ने क्या कहा?

नई दिल्ली। दिल्ली में आज CWC की बैठक हुई, जिसमें 88 से अधिक लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्रियों और वर्किंग कमेटी के वरिष्ठ सदस्यों समेत 33 लोगों ने चर्चा में हिस्सा लिया। इसे लेकर कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कांग्रेस अध्यक्ष ने बहुत प्रेरणादायक बाते कहीं और बहुत सारी बातें हमारे प्रस्ताव का हिस्सा भी हैं, बैठक में जो प्रस्ताव पास किए गए हैं हम उनके साथ मजबूती के साथ खड़े हैं, कांग्रेस नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा छात्र इस सरकार से हताश और निराश हैं।कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में CWC सदस्य, स्थायी आमंत्रित सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य और हमारे 4 मुख्यमंत्री शामिल हुए। कांग्रेस नेता ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा से जुड़े इन मामलों पर सरकार पूरी तरह बैकफुट पर रही।

## संपादकीय

### तीन साल पुरानी तकनीकी विसंगति दूर करने की पहल



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और भर्ती प्रक्रिया में किसी तकनीकी या प्रशासनिक कमी का खामियाजा अभ्यर्थियों को न भुगतना पड़े, इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग ने सितंबर 2023 से चली आ रही सेवा नियमों से जुड़ी तकनीकी विसंगति के समाधान की दिशा में निर्णायक पहल की है। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने इस मामले में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए अधिकारियों को अभ्यर्थियों के हित में त्वरित और स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग का स्पष्ट प्रयास है कि नियमों और प्रक्रियाओं से जुड़ी किसी पुरानी कमी के कारण पात्र युवाओं के रोजगार के अवसर प्रभावित न हों। दरअसल, सितंबर 2023 में बनाए गए सेवा नियमों में डीजीटी (Directorate General of Training) की कुछ गाइडलाइन्स शामिल नहीं हो पाई थीं। इसके चलते हालिया भर्ती प्रक्रिया में करीब 200 अभ्यर्थियों के चयन एवं नियुक्ति को लेकर तकनीकी और कानूनी स्थिति उत्पन्न हुई। भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाते समय यह विषय सामने आने पर कौशल विभाग ने इसे लंबित रखने के बजाय अभ्यर्थियों के हित में समाधान का रास्ता तलाशा।

### शुद्ध आहार–मिलावट पर वार अभियान : खाद्य सुरक्षा दल मुस्तैद

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में संचालित "शुद्ध आहार–मिलावट पर वार" अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। आगामी त्योहारों को देखते हुए विभाग द्वारा विशेष त्योहारी अभियान के तहत प्रदेशभर में खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण, खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग तथा अमानक एवं दूषित खाद्य सामग्री के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बताया कि अभियान के तहत प्रदेशभर में एक ही दिन में 102 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा जांच के लिए 142 नमूने लिए गए। इनमें 92 एनफोर्समेंट तथा 50 सर्विलांस नमूने शामिल हैं। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य केंद्रीय जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजा गया है।

# मुख्यमंत्री निवास पर विधायक दल की बैठक : राज्य सरकार के ढाई साल कांग्रेस के पांच साल की तुलना में बेमिसाल

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर भाजपा विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक ली। इस दौरान उन्होंने गुरुवार से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र में सत्ता पक्ष की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जन कल्याण को एक मात्र ध्येय मानते हुए भाजपा सरकार ने प्रदेशभर में विकास कार्यों और योजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारा है। हमारी सरकार ने ढाई साल में कांग्रेस सरकार के पांच साल की तुलना में बेमिसाल काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति करती है। उनके शासन में हुए भ्रष्टाचार और अनियमितताओं ने प्रदेश के विकास को प्रभावित किया था। हमारी सरकार ने पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को प्राथमिकता देते हुए जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विधायक राज्य सरकार की उपलब्धियों एवं विजन को सदन में प्रमुखता से रखते हुए विपक्ष को करारा जवाब दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार में हुए पेपरलीक और भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ियों ने प्रदेश के युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है। हमारी सरकार के कार्यकाल में अब तक 410 परीक्षाएं बिना किसी पेपर लीक के आयोजित की गई हैं। करीब 1 लाख 89 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, जबकि 1 लाख 22 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है और 70 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने पक्ष और विपक्ष को प्रदेश के विकास के लिए सदन में भेजा है। हम सभी विधायकों की जिम्मेदारी है कि संसदीय परंपराओं और जनता के प्रति दायित्वों का निर्वहन करते हुए सदन को सकारात्मक भाव से चलाएं। आमजन से जुड़े विषयों को गंभीरता से सदन में उठाएं और विधेयकों पर चर्चा करते हुए सुझाव दें। सरकार उचित सुझावों का संज्ञान लेगी और गंभीरता से विचार करेगी। उन्होंने सत्र के दौरान नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और नियम-प्रक्रियाओं का समुचित अध्ययन करने के लिए भी निर्देशित किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने मंत्रियों एवं विधायकों से आगामी विधानसभा सत्र में सक्रियता के साथ राज्य सरकार का पक्ष मजबूती से रखने के निर्देश दिए। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान के विकास को नई गति मिली है। प्रदेश में पानी, बिजली, उद्योग, रोजगार एवं सड़क सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। बैठक में भाजपा संगठन महामंत्री अजेय कुमार, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित मंत्रिपरिषद के सदस्य व विधायकगण मौजूद रहे। बैठक में मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि विधानसभा का मानसून सत्र सरकार के कामकाज और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से सदन के सामने रखने का महत्वपूर्ण अवसर है।



उन्होंने सभी विधायकों से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों से जुड़े विषयों को तथ्यों और आंकड़ों के साथ उठाने तथा सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य विकास योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ प्रदेश के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। उन्होंने विधायकों से कहा कि वे अपने क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करें और यदि किसी योजना के क्रियान्वयन में समस्या सामने आती है तो उसे सरकार के संज्ञान में लाएं। उन्होंने रोजगार के मुद्दे पर भी सरकार की उपलब्धियां सदन में मजबूती से रखने के निर्देश दिए।

## राजस्थान के 309 निकायों में चुनावी बिगुल, 9 और 11 सितंबर को दो चरणों में मतदान

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान के शहरी निकायों में लंबे समय से चल रहा चुनावी इंतजार खत्म हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने बुधवार को नगर निकाय चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि प्रदेश के 309 शहरी निकायों में दो चरणों में मतदान कराया जाएगा। पहले चरण में 9 सितंबर और दूसरे चरण में 11 सितंबर को वोट डाले जाएंगे, जबकि 14 सितंबर को मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। प्रदेश के 309 शहरी निकायों में कुल 10,245 पार्षद पदों के लिए चुनाव होंगे। इनमें 10 नगर निगम, 51 नगर परिषद और 248 नगरपालिकाएं शामिल हैं। चुनाव की अधिसूचना 27 अगस्त को जारी होगी और इसी के साथ नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रत्याशी 31 अगस्त तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 1 सितंबर को होगी, जबकि 3 सितंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। पार्षदों के चुनाव के बाद निकाय प्रमुखों के निर्वाचन की प्रक्रिया होगी। नगर निगमों में मेयर तथा नगर परिषद एवं नगरपालिकाओं में सभापति और अध्यक्ष के चुनाव 21 सितंबर को कराए जाएंगे। इसके अगले दिन 22 सितंबर को उपाध्यक्ष पदों के चुनाव होंगे। इसी दिन नगर निगम, नगर परिषद और नगरपालिकाओं की साधारण सभा की बैठक भी आयोजित होगी, जिसमें डिप्टी मेयर, उपसभापति और नगरपालिका उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके तहत चुनाव अवधि में नए विकास कार्यों की घोषणा और नए वर्क ऑर्डर जारी करने पर रोक रहेगी, जबकि पहले से स्वीकृत और चल रहे विकास कार्य निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जारी रह सकेंगे।

### बीकानेर की सरकारी कैंसर दवा दिल्ली के ब्लैक मार्केट में मिलने से हड़कंप, 22 इंजेक्शन बरामद

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। गंभीर कैंसर मरीजों के इलाज के लिए सरकारी सप्लाई के तहत बीकानेर भेजी गई महंगी कैंसररोधी दवा के दिल्ली के कथित ब्लैक मार्केट में मिलने से सरकारी दवा वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। दिल्ली क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने महंगी कैंसर दवाओं की अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़े एक कथित अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 22 महंगे कैंसर इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। बरामद दवाओं में Bavencio 200 mg/10 ml (Avelumab) भी शामिल है। जांच में सामने आए बैच विवरण के अनुसार Bavencio का बैच नंबर AU052510, निर्माण तिथि फरवरी 2025 और एक्सपायरी जनवरी 2028 है। पुलिस द्वारा निर्माता कंपनी से कराए गए सत्यापन में इस बैच को राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (RMSCL) की बीकानेर सरकारी सप्लाई से जोड़े जाने की बात सामने आई है।

## रानी बाजार रोड नंबर-5 से होकर चलेंगी बीकानेर-नोखा-नागौर मार्ग की बसें, 23 अगस्त तक मांगी आपत्तियां

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और आमजन को जाम से राहत दिलाने के उद्देश्य से बीकानेर से नोखा-नागौर आने-जाने वाली बसों के रूट में बदलाव का प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रस्ताव के अनुसार बसों और अन्य मध्यम-भारी वाहनों को रानी बाजार रोड नंबर-5 से होते हुए जैन कॉलेज चौराहा और नोखा रोड की ओर संचालित किया जाएगा। यातायात शाखा ने प्रस्ताव पर आमजन से आपत्तियां और सुझाव भी मांगे हैं। यातायात शाखा प्रभारी पुलिस निरीक्षक कानाराम ने बताया कि रानी बाजार, गोगागेट एवं गंगाशहर रोड पर यातायात का दबाव कम करने तथा रानी बाजार क्षेत्र में बार-बार लगने वाले जाम से आमजन को राहत दिलाने के लिए नया रूट प्रस्तावित किया गया है। इसके तहत बीकानेर से नोखा-नागौर जाने वाली बसों एवं अन्य मध्यम-भारी वाहनों को रानी बाजार ओवरब्रिज से चौपड़ा कटला, रानी बाजार रोड नंबर-5, सिनेमेजिक होते हुए जैन कॉलेज चौराहा और नोखा रोड की ओर निकाला जाएगा। वहीं मध्यम एवं हल्के चार पहिया वाहनों के लिए रानी बाजार ओवरब्रिज से मिलन स्वीट मोड़, अपेक्स हॉस्पिटल, रानी बाजार चौराहा और गोगागेट सर्किल होते हुए गंगाशहर रोड की ओर जाने का मार्ग प्रस्तावित किया गया है। इसी प्रकार नोखा-नागौर से बीकानेर आने वाली बसों एवं अन्य मध्यम-भारी वाहनों को भी पांच नंबर रोड, रानी बाजार होते हुए निर्धारित मार्ग से संचालित करने का प्रस्ताव है। यातायात शाखा के अनुसार नए रूट से हॉस्पिटल रोड, रानी बाजार चौराहा और गोगागेट सर्किल पर वाहनों का दबाव कम होने की उम्मीद है। इससे रानी बाजार एवं गोगागेट क्षेत्र में यातायात संचालन बेहतर होने और जाम की समस्या से आमजन एवं वाहन चालकों को राहत मिलने की संभावना है। प्रस्तावित यातायात व्यवस्था को लेकर किसी भी आमजन को आपत्ति या सुझाव हो तो वह 23 अगस्त 2026 तक यातायात शाखा, बीकानेर में लिखित रूप में दर्ज करवा सकता है। प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों के आधार पर प्रस्तावित रूट व्यवस्था को लेकर आगे निर्णय लिया जाएगा। प्रस्तावित रूट व्यवस्था लागू होने के बाद शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात के दबाव को अलग-अलग दिशाओं में बांटने में मदद मिलने की उम्मीद है। यातायात शाखा का मानना है कि बसों और मध्यम-भारी वाहनों के लिए अलग मार्ग निर्धारित होने से मुख्य बाजार एवं आवासीय क्षेत्रों में अनावश्यक वाहनों की आवाजाही कम होगी। इससे व्यस्त समय में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में भी सहायता मिल सकती है। नए रूट के संबंध में प्राप्त होने वाले सुझावों और आपत्तियों का यातायात विभाग द्वारा परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद आवश्यकता के अनुसार प्रस्तावित मार्ग में संशोधन किया जा सकता है। इसके आधार पर रूट व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### राजस्थान विधानसभा सत्र की अवधि को लेकर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र 20 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। सत्र शुरू होने से पहले ही विधानसभा की अवधि और जनहित के मुद्दों पर चर्चा को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस आमने-सामने आ गई हैं। कांग्रेस जहां विधानसभा की कार्यवाही 20 से 25 दिन तक चलाने की मांग कर रही है, वहीं सरकार की ओर से संकेत दिए गए हैं कि सत्र 25 अगस्त तक ही चल सकता है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई सर्वदलीय बैठक में सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों और कार्यवाही की अवधि को लेकर दोनों पक्षों के बीच मतभेद सामने आए। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मांग की कि सदन को 20 से 25 दिनों तक चलाया जाए, ताकि प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हो सके।

## रावतसर नगर पालिका के 35 वार्डों में RLP ने नियुक्त किए चुनाव प्रभारी

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सरदारशहर। अग्रवाल सेवा मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के खात्मे के उद्देश्य से 'प्लास्टिक पर प्रहार' अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत आमजन को जागरूक करते हुए सेवा मंडल की ओर से 4 हजार कपड़े से बने थैलों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि तहसीलदार मुकुल टाक, किशोरी सर्राफ, महावीर चंगोई, रामावतार भादासरिया एवं भंवर लाल जैसनसरिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अभियान के संयोजक गौरीशंकर कंदोई ने बताया कि मुहिम का उद्देश्य लोगों को पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देना है। मुख्य अतिथि तहसीलदार मुकुल टाक ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक शहर की गंभीर समस्याओं में से एक है। पॉलीथिन के कारण नाले-नालियां जाम होने के साथ ही बेसहारा गोवंश भी



इसे खाकर अकाल मृत्यु का शिकार हो रहा है। उन्होंने आमजन से हर घर में कपड़े के थैले का उपयोग करने और पॉलीथिन को पूरी तरह त्यागने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सेवा मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग, उपाध्यक्ष नवनीत जैसनसरिया, मंत्री विश्वनाथ रातूसरिया, उपमंत्री देवकी नंदन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अंकुर जैसनसरिया, सौरभ जैसनसरिया, पूर्व सभापति राजकुमार चौधरी, विजय कुमार सिंघानिया, गोपाल जालान, राजकुमार कंदोई, सौरभ रातूसरिया, मनोज कंदोई, चंद्र प्रकाश सर्राफ सहित अनेक सदस्य एवं गणमान्यजन मौजूद रहे। अभियान के दौरान सेवा मंडल के सदस्यों ने बाजार में आने-जाने वाले लोगों से संवाद कर उन्हें प्लास्टिक की थैलियों के बजाय कपड़े के थैले इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। लोगों को बताया गया कि प्लास्टिक का कचरा लंबे समय तक नष्ट नहीं होता और इसके कारण मिट्टी, जल स्रोतों तथा आसपास के वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। आयोजकों ने कहा कि कपड़े के थैलों का नियमित इस्तेमाल करने से प्लास्टिक की खपत को कम किया जा सकता है।

## EWS आरक्षण 20 प्रतिशत करने की मांग, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सरदारशहर। EWS आरक्षण को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर विकास मंच के अध्यक्ष राजेंद्र राजपुरोहित के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में EWS प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया सरल और निशुल्क करने, तीन कार्य दिवस में प्रमाण-पत्र जारी करने तथा इसकी वैधता तीन वर्ष करने की मांग की गई। मंच ने EWS विद्यार्थियों के लिए शुल्क में राहत, छात्रवृत्ति और जिला मुख्यालयों पर छात्रावास की सुविधा देने तथा सरकारी भर्ती परीक्षाओं में आवेदन शुल्क समाप्त करने की मांग उठाई। प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को रेल और बस किराए में राहत देने की मांग भी की गई। ज्ञापन में पंचायतीराज, नगरीय निकायों, बोर्ड, आयोग एवं अन्य संस्थाओं में EWS वर्ग को 20 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने तथा विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भी राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। पेपर लीक पर सख्त कार्रवाई और उच्च शिक्षण संस्थानों में EWS विद्यार्थियों के साथ भेदभाव रोकने की मांग भी की गई। प्रतिनिधिमंडल ने देवराज सिंह पलाड़ा प्रकरण में निष्पक्ष जांच, परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। मंच ने कहा कि मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहेगा और अक्टूबर तक विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। मंच ने मांग की कि EWS प्रमाण-पत्र के लिए अनावश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया कम की जाए और आवेदन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन एवं पारदर्शी बनाई जाए।



## बीकानेर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने किया उद्घाटन, बोले—नशे से दूर रहने का सबसे बेहतर माध्यम है खेल

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में 19 से 22 अगस्त तक डॉ. करणी सिंह स्टेडियम, बीकानेर में आयोजित 52वीं राज्य स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का बुधवार को भव्य शुभारंभ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि ऑपरेशन नीलगंठ के ध्वजवाहक बीकानेर पुलिस अधीक्षक श्री मृदुल कच्छावा रहे। वहीं राजस्थान कबड्डी संघ के सचिव जगदीश फौजी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने खिलाड़ियों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने का सबसे अच्छा माध्यम खेल है। खेलों से जुड़ने से शरीर स्वस्थ और मन-मस्तिष्क मजबूत रहता है। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरी खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। बीकानेर कबड्डी संघ के चेयरमैन राजेंद्र सिंह राठौड़ ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें बीकानेर पहुंची हैं और प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, खेल मैदान, तकनीकी व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष महेंद्र व्यास ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-20 वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बीकानेर और पूरे राजस्थान के लिए गर्व की बात है कि प्रतियोगिता में ऐसे पांच खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं, जिन्होंने एशियाड में स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। बुधवार के मैचों के परिणाम इस प्रकार रहेः बालक वर्ग में राजस्थान खेल परिषद अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झुंझुनू की टीम को 65-21 के बड़े अंतर से हराया। वहीं बालक वर्ग के एक अन्य मुकाबले में बूंदी ने बारां को 19 अंकों के अंतर से पराजित कर जीत दर्ज की।



## राजस्थान/ प्रादेशिक

# विकसित राजस्थान@2047 के अनुरूप यूनिसेफ के साथ युवाओं के कौशल विकास और शिक्षा से रोजगार तक की राह को और मजबूत करने पर

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। 'विकसित राजस्थान@2047' के विजन के अनुरूप प्रदेश के युवाओं के कौशल विकास और शिक्षा से रोजगार तक की राह को सशक्त बनाने के लिए यूनिसेफ (यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेन्स फंड) के साथ जारी सहयोग को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने की संभावनाओं पर बुधवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की और यूनिसेफ के जनरेशन अनलिमिटेड की सीईओ डॉ. नादी अल्बिनो के बीच बैठक आयोजित की गई । मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राज्य में यूनिसेफ द्वारा संचालित कार्यक्रमों में बेहतर वैल्यू एडिशन, क्षमता संवर्धन और दीर्घकालिक प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि इन कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी बनाते हुए युवाओं के लिए कौशल, रोजगार और उद्यमिता के अवसरों का विस्तार किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि युवाओं के विकास से जुड़े यूनिसेफ द्वारा संचालित कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए ठोस विस्तार रणनीति तैयार की जाए। युवाओं के लिए उपलब्ध रोजगार अवसरों को एकीकृत करने, लक्षित समूहों की आवश्यकता के अनुरूप कार्यक्रम तैयार करने तथा कस्टमाइज्ड ब्रांडिंग पर कार्य किया जाए।

उन्होंने इनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उपयुक्त वित्तीय पैकेज तैयार करने पर भी जोर दिया। मुख्य सचिव ने राजीविका मिशन का उदाहरण देते हुए कहा कि राजस्थान में महिला सशक्तीकरण एवं आजीविका के क्षेत्र में प्रभावी कार्य हुआ है।

राजीविका से जुड़ी महिलाएं सक्षम एवं कुशल हैं। उन्होंने यूनिसेफ के कार्यक्रमों में भी इसी प्रकार ठोस वैल्यू एडिशन और व्यापक प्रभाव सुनिश्चित करने पर जोर दिया। यूनिसेफ के जनरेशन अनलिमिटेड की सीईओ डॉ. नादी अल्बिनो ने यूथहब, डिजिटल गर्ल्स हब, 'आओ बनो फ्यूचर रेडी', 'दीदी की दुकान' और 'कम्प्यूटर दीदी सेंटर' सहित विभिन्न पहलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान में डिजिटल गर्ल्स हब के माध्यम से लगभग 9 हजार 300 युवा महिलाओं को रोजगार से जोड़ा गया है, जिनमें से लगभग 6 हजार 200 को पिछले छह माह में रोजगार मिला है।



## राजस्थान पुलिस की नशे के विरूद्ध विशेष रणनीति, हर बुधवार होगी एंटी नारकोटिक कार्रवाइयों की समीक्षा



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष रणनीति तैयार कर अब नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई की हर सप्ताह समीक्षा करने का निर्णय लिया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय में प्रत्येक बुधवार नशे के विरुद्ध राज्य स्तर के अभियानों एवं कार्रवाइयों की विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बुधवार, 19 अगस्त को पुलिस महानिदेशक राजस्थान राजीव शर्मा की अध्यक्षता में ऐसी प्रथम साप्ताहिक समीक्षा बैठक में पुलिस अधिकारियों को नशे के नेटवर्क तथा इसमें शामिल अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मौके पर डीजीपी शर्मा ने कहा कि नशे और नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस नशे की तस्करी के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क और इससे जुड़े लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे। डीजीपी शर्मा ने कहा कि गत वर्ष की तुलना में वर्ष 2026 के शुरुआती सात माह में ही अधिक एंटी नारकोटिक कार्रवाइयां की गई हैं।

## पलसाना नगरपालिका चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन, विकास के मुद्दों पर हुआ मंथन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

पलसाना। आगामी नगरपालिका चुनाव को लेकर पलसाना में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में चुनावी तैयारियों एवं रणनीति के साथ नगरपालिका क्षेत्र के विकास, आमजन की समस्याओं तथा उनके स्थायी समाधान को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव में स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देने और विकास के स्पष्ट एजेंडे के साथ जनता के बीच जाने को लेकर अपने सुझाव रखे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि चुनाव को केवल राजनीतिक मुद्दों तक सीमित न रखते हुए आमजन से जुड़े जमीनी मुद्दों और क्षेत्र के विकास को केंद्र में रखकर लड़ा जाना चाहिए।



## श्री नामदेव नवयुवक मंडल की तृतीय सामाजिक सामूहिक गोठ में उमड़ा जनसैलाब

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। श्री नामदेव नवयुवक मंडल, मानसरोवर के तत्वावधान में तृतीय सामाजिक सामूहिक गोठ का भव्य आयोजन श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नामदेव समाज के 2000 से अधिक लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री नामदेव जी की संगीतमय एवं भव्य आरती के साथ हुई। आरती का मुख्य आकर्षण महिलाओं द्वारा प्रस्तुत 1000 दीपकों की महाआरती रही, जिससे पूरा प्रांगण भक्तिमय रोशनी से जगमगा उठा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश बाटू, पदम श्री अवार्डी रामकिशोर डेरेवाला ,घनश्याम गोठवाल एवं महावीर किंजड़ा, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टाक ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान गोठ में सराहनीय सहयोग देने वाले समाज के भामाशाहों का मुख्य अतिथियों द्वारा शील्ड प्रदान कर भावभीना अभिनंदन और सम्मान किया गया। महिलाओं और बच्चों ने इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पुरस्कार जीते।

## नगर निगम जयपुर की बड़ी कार्रवाई, 10 कैंटर सामान जब्त

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जयपुर। नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में डी-मार्ट सांगानेर हल्दीघाटी, मुरलीपुरा स्कीम, बियानी कॉलेज रोड़, विद्याधर नगर एवं सीएसके के सामने से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाई कर 10 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 10 केन्टर सामान जब्त कर गौदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों को सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाते हुये पाबंद करवाया कि समय से अस्थाई अतिक्रमण हटाले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।



## पुलिस निरीक्षक बीरबल सिंह धायल को मिला असाधारण आसूचना कुशलता पदक

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। (विनोद धायल) पुलिस विभाग में उत्कृष्ट सेवाओं एवं आसूचना क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुलिस निरीक्षक बीरबल सिंह धायल को भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाने वाला प्रतिष्ठित 'असाधारण आसूचना कुशलता पदक वर्ष 2023' से सम्मानित किया गया है। पुलिस निरीक्षक धायल को यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट आसूचना क्षमता, कर्तव्य के प्रति निष्ठा, सतर्कता एवं पुलिस सेवा में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया। जयपुर में 18 अगस्त 2026 को आयोजित सम्मान समारोह में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (इंटेलिजेंस), राजस्थान की ओर से उन्हें पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस निरीक्षक बीरबल सिंह धायल को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन और अधिक समर्पण, ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करने के लिए प्रेरित करते हैं।

पुलिस निरीक्षक बीरबल सिंह धायल को मिला यह सम्मान उनकी कार्यकुशलता, पेशेवर दक्षता, सूझबूझ और पुलिस सेवा के प्रति समर्पण का प्रमाण माना जा रहा है। उनकी इस उपलब्धि से पुलिस विभाग में गौरव का माहौल है। आसूचना कार्य में उनकी सक्रियता, सूचनाओं के विश्लेषण की क्षमता और संवेदनशील मामलों में सतर्कता को इस सम्मान से जोड़ा जा रहा है।



# स्कूल स्तर की चुनौतियों को समझने के लिए शिक्षा विभाग का 'बातचीत' कार्यक्रम, विद्यार्थियों-शिक्षकों से किया सीधा संवाद

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यालय स्तर की चुनौतियों को समझने तथा उनके व्यावहारिक समाधान विकसित करने की दिशा में शिक्षा विभाग द्वारा 'बातचीत' कार्यक्रम की पहल की गई है। इसी क्रम में राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, समग्र शिक्षा डॉ. रश्मि शर्मा ने बुधवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेवात बालिका आवासीय विद्यालय, चनिया का बास (मुहवा खुर्द), ब्लॉक मालाखेड़ा, अलवर में 'बातचीत' कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से सीधा संवाद किया।

संवाद— कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना, जमीनी स्तर के अनुभवों एवं चुनौतियों को समझना तथा शिक्षकों के सुझावों के आधार पर सुधार की दिशा तय करना है।

इस अवसर पर बालिकाओं के नामांकन, नियमित उपस्थिति, शिक्षा में निरंतरता, विद्यालयी वातावरण तथा बालिकाओं की आकांक्षाओं सहित शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ खुलकर चर्चा की गई। शिक्षकों ने विद्यालय में अपने अनुभवों, अपेक्षाओं एवं व्यावहारिक चुनौतियों को साझा करते हुए शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। डॉ. रश्मि शर्मा ने संवाद के दौरान विद्यालयी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को समझने पर जोर दिया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों एवं अन्य सहयोगियों की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बेहतर शिक्षा के लिए केवल नीतियों एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यालय स्तर की आवाज को सुनना, जमीनी अनुभवों को समझना और प्राप्त सुझावों के आधार पर व्यावहारिक समाधान विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। 'बातचीत' कार्यक्रम शिक्षा व्यवस्था को सहभागी एवं संवादपरक बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। बातचीत से समझ, समझ से समाधान और समाधान से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की ओर बढ़ने का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।



## ऑपरेशन चक्रव्यूह: महिला नशा तस्कर का 1 करोड़ का मकान फ्रीज

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

हनुमानगढ़। जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में हनुमानगढ़ जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने और तस्करों की अवैध संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद के निकटतम सुपरविजन एवं वृत्ताधिकारी मीनाक्षी के नेतृत्व में थानाधिकारी हनुमानगढ़ टाउन लखवीर सिंह की टीम ने शातिर महिला नशा तस्कर जैबा बीबी का चक 11 आरपी स्थित 1 करोड़ अनुमानित कीमत का रिहायशी मकान एनडीपीएस एक्ट की धारा 68F के तहत फ्रीज कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व ही पुलिस ने इरफान का भी 1 करोड़ का मकान फ्रीज किया था।

# तीजोत्सव में दिखी खान-पान और संस्कृति की समृद्ध झलक




**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में 24 अगस्त तक आयोजित हो रहे 'तीजोत्सव 2026' में राजस्थान की समृद्ध खान-पान परंपरा और पारंपरिक राजस्थानी व्यंजनों की विशेष झलक देखने को मिल रही है। तीजोत्सव के दौरान दिल्लीवासियों को राजस्थान के पारंपरिक स्वाद, आतिथ्य और सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर प्रमुख आवासीय आयुक्त रोहित कुमार ने बताया कि तीजोत्सव का उद्देश्य राजस्थान की समृद्ध लोक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के साथ-साथ उसकी विशिष्ट पाक-कला को भी व्यापक मंच प्रदान करना है।

राजस्थानी व्यंजन केवल स्वाद का विषय नहीं हैं, बल्कि वे राजस्थान की लोक संस्कृति, परंपरा, आतिथ्य और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा हैं।

उन्होंने बताया कि तीजोत्सव में राजस्थान के विभिन्न अंचलों के पारंपरिक एवं लोकप्रिय व्यंजन विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। इनमें दाल-बाटी-चूरमा, गट्टे की सब्जी, केर-सांगरी, बाजरे की राबड़ी, मिर्ची बड़ा, कढ़ी-पकौड़ा सहित अन्य पारंपरिक व्यंजन शामिल हैं। राजस्थानी व्यंजनों के साथ पारंपरिक मिठाइयों एवं पकवानों की भी विशेष व्यवस्था की गई है। घेवर, मिल्क केक और रबड़ी जैसे व्यंजन राजस्थान की विशिष्ट मिठास और पाक-कला की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित कर रहे है।

तीजोत्सव को और अधिक मनोरंजक और उत्साहवर्धक बनाने के लिए बुधवार को संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ रोहित कुमार आवासीय राजस्थान सरकार, नई दिल्ली में तमिलनाडु सरकार के आवासीय आयुक्त आशीष कुमार तथा राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष रामावतार किला ने किया। रोहित कुमार ने बताया कि जिसमें सभी वर्ग के महिला व पुरुषों ने राजस्थानी लोक संगीत और पारंपरिक प्रस्तुतियों का गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानपूर्वक उपहार भेंट किए गए।

## जयपुर में दूसरी ब्रिक्स 2026 पर्यटन कार्य समूह बैठक, AI और सतत पर्यटन पर सहयोग बढ़ाने पर जोर

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के अंतर्गत दूसरी ब्रिक्स 2026 पर्यटन कार्य समूह (टीडब्ल्यूजी) बैठक बुधवार को जयपुर में आयोजित हुई। केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता मंत्रालय के सचिव भुवनेश कुमार ने की। यह बैठक 25 मई 2026 को वर्चुअल माध्यम से आयोजित पहली बिक्स 2026 पर्यटन कार्य समूह की बैठक पर आधारित रही। इसमें ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए ताकि भारत की मुख्य प्राथमिकताओं कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं पर्यटन, स्थिरता एवं जिम्मेदार पर्यटन, पर्यटन कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण, तथा पर्यटन आदान-प्रदान एवं निर्बाध यात्रा सुविधा के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। दूसरी टीडब्ल्यूजी बैठक का आयोजन "मजबूती, नवाचार, सहयोग एवं स्थिरता के लिए निर्माण" के व्यापक विषय के अंतर्गत किया गया जिसमें ब्रिक्स सदस्य देशों के बीच पर्यटन सहयोग को गहरा करने की साझा प्रतिबद्धता पर विचार किया गया। कार्य समूह ने तकनीकी बदलाव, यात्रियों की बदलती उम्मीदों एवं स्थिरता की आवश्यकताओं से बदलते वैश्विक पर्यटन के माहौल के मद्देनजर पर्यटन को आर्थिक विकास, रोज़गार, सतत विकास एवं लोगों के बीच आपसी मेल-जोल का एक अहम माध्यम माना। इस बातचीत ने भारत की अध्यक्षता के अंतर्गत पहचान की गई चार थीमेटिक प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाया और उन क्षेत्रों को रेखांकित किया जहां सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जा सकता है, जिसमें उभरती तकनीकों का जिम्मेदार उपयोग, सतत एवं समुदाय-केंद्रित पर्यटन, मानव पूंजी विकास, पर्यटन आदान-प्रदान और मजबूत संपर्क शामिल हैं। बैठक में भुवनेश कुमार ने कहा कि पहली टीडब्ल्यूजी बैठक और उसके बाद हुई बातचीत से भारत के ब्रिक्स पर्यटन ट्रैक को आगे बढ़ाने में बहुत प्रगति हुई है। उन्होंने जोर दिया कि भारत की अध्यक्षता ने स्थिरता, कौशल विकास, निर्बाध यात्रा एवं स्मार्ट पर्यटन के इर्द-गिर्द सहयोग को आगे बढ़ाने की बेहतर कोशिश की है। उन्होंने कहा कि कार्य समूह की चर्चाओं का नतीजा 21 अगस्त को होने वाली ब्रिक्स पर्यटन मंत्रियों की बैठक के लिए एक महत्वपूर्ण आधार प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रिक्स प्रतिनिधि 20 अगस्त को जयपुर के प्रमुख पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों हवा महल, सिटी पैलेस और आमेर पैलेस का दौरा करेंगे, जिससे उन्हें राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक एवं स्थापत्य विरासत को समझने का अवसर प्राप्त होगा।

## कानोड़िया कॉलेज में National Business Idea Competition 'BizCatalyst'26' का आयोजन

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर के सेंटर फोर एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट एवं इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा 17 से 19 अगस्त तक BizCatalyst*26& A National level बिज़नेस आइडिया प्रतियोगिता" का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 13 राष्ट्रीय स्तरीय महाविद्यालयों के लगभग 50 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने नवीन व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए। प्रमुख आइडियाज़ में AssetX, Kitcomp, Savera Sudio, Mum-well, Refitly सहित कई सृजनात्मक एवं व्यावहारिक योजनाएँ सम्मिलित रहीं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। निर्णायकों में सुश्री कोमल जोशी, इन्क्यूबेशन मेनेजर, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी, जयपुर एवं सौरभ गौतम, सीईओ, ACIC, VGU Foun-dation, VGU, जयपुर शामिल रहे। दोनों निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें व्यवसायिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए।



## मनोरंजन समाचार

## शिल्पा शेट्टी संग तलाक की अफवाहों के बाद बिगड़ी थी राज कुंद्रा की हालत



मशहूर व्यवसायी और अभिनेता राज कुंद्रा ने वर्ष 2021 के चर्चित एडल्ट कंटेंट मामले में हुई अपनी गिरफ्तारी और आर्थर रोड जेल में बिताए बेहद कठिन दिनों को याद करते हुए एक बड़ा खुलासा किया है। एक हालिया साक्षात्कार में राज कुंद्रा ने अपने संघर्षपूर्ण दिनों का जिक्र करते हुए बताया कि मुंबई की आर्थर रोड जेल में बिताए गए 63 दिनों के दौरान उन्होंने किस तरह की मुश्किलों का सामना किया। उन्होंने बताया कि जेल में हिरासत के दौरान जब उनकी पत्नी और अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के साथ तलाक की झूठी खबरें सामने आईं, तो वे मानसिक रूप से इस कदर टूट चुके थे कि उनके मन में आत्महत्या करने तक का विचार आने लगा था। हालांकि, शिल्पा शेट्टी के एक आश्वासन भरे फोन कॉल ने उनका हौसला पूरी तरह बदल दिया। राज कुंद्रा ने आर्थर रोड जेल के माहौल और वहां की बदतर स्थिति को याद करते हुए एबीपी को दिए इंटरव्यू में बताया कि जिस बैरक में लगभग 50 कैदियों के रहने की क्षमता थी, वहां सैकड़ों लोगों को एक साथ ठूंसकर रखा जाता था। जेल में रहने के दौरान वे पूरी तरह पानी और केवल पार्ले-जी बिस्कुट के सहारे दिन काट रहे थे, जिसके चलते उनका वजन लगभग 17 से 18 किलो तक घट गया था। शारीरिक कठिनाइयों के बीच मीडिया में उड़ी एक अफवाह ने उनके मानसिक संतुलन को और गहरा आघात पहुंचाया। जेल में मिली खबरों से राज को पता चला कि शिल्पा शेट्टी उनसे अलग होने और तलाक लेने की योजना बना रही हैं।

## ईशा कोप्पिकर ने खुद को बताया 'अंधभक्त', मिला कंगना रनौत का साथ, बोलीं- 'मुझे अपने देश से प्यार'



ईशा कोप्पिकर ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में अभिनेत्री ने खुद को 'अंधभक्त' बताया है। ईशा कोप्पिकर ने मंगलवार को ये वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उनकी भक्ति किसी राजनीतिक पार्टी के लिए नहीं बल्कि अपने देश के और उसकी तरक्की के लिए है। अब एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने भी ईशा कोप्पिकर के इस वीडियो पर प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में कंगना ने 'लोमड़ी' कहते हुए नसीरुद्दीन शाह पर तीखा हमला किया था। इस बीच अब उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ईशा का वीडियो शेयर और अपने बचपन की उस घटना का जिक्र किया, जब उन्होंने स्कूल में एक ऐसे टीचर का विरोध किया था जो बच्चों को छड़ी से मारता था। ईशा कोप्पिकर का वीडियो शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, 'वाह, बहुत अच्छे से समझाया गया है। जब मैं हाई स्कूल में थी, मैंने एक ऐसे शिक्षक का विरोध किया था जो असेंबली के दौरान छोटे बच्चों के सिर पर छड़ी मारता था। मैंने 26/11 हमले का भी विरोध किया और निर्भया के साथ हुई बर्बरता का भी खुलकर विरोध किया। मैंने कभी भी अपने रास्ते में आने वाली रुकावटों के लिए अपने माता-पिता को दोष नहीं दिया। बल्कि, मैंने अपने परिवार के जीवन के स्तर को उतना ही ऊंचा उठाया है, जितना मैंने खुद के लिए हासिल किया। जब भी मैं किसी से मिलती हूं, लोग मुझे उनका भक्त मान लेते हैं। लेकिन, मैंने अपने देश और उसके लोगों से प्यार करती हूं और मुझे बस अपनी जिंदगी से प्यार है।' मंगलवार को ईशा कोप्पिकर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने भारत के लिए अपना प्यार जाहिर करते हुए उन लोगों से सवाल किए जो सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल कर रहे थे। उन्होंने सभी से अपने देश पर 'गर्व' करने की अपील की। मेरे लिए सबसे पहले देश है।

## लंबी दाढ़ी और घनी जटाएं, अब असुर गुरु 'शुक्राचार्य' बन छाए अक्षय खन्ना, बताया कब उठेगा 'महाकाली' से पर्दा



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय खन्ना इन दिनों अपने करियर के एक बेहतरीन और सुनहरे दौर से गुजर रहे हैं। 'दृश्यम 2', 'छावा', 'धुरंधर' और 'इक्का' जैसी सफल फिल्मों की श्रृंखला के बाद अब वह दर्शकों के सामने एक बिल्कुल नए और अप्रत्याशित अवतार में आने की तैयारी कर रहे हैं। पौराणिक कथाओं पर आधारित आगामी तेलुगु फिल्म 'महाकाली' के साथ अक्षय खन्ना अपना तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक रहस्यमयी पोस्ट शेयर करते हुए घोषणा की है कि इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट की पहली आधिकारिक झलक 24 अगस्त को दर्शकों के सामने पेश की जाएगी।

# 10 की उम्र में ही पर्दे पर छा गए थे थलपति विजय, 1984 में ही शुरू हो गया था सुपरस्टार बनने का सफर

दक्षिण भारतीय सिनेमा के सबसे मशहूर और प्रभावशाली अभिनेताओं में शुमार थलपति विजय का फिल्मी सफर दशकों लंबा और बेहद शानदार रहा है। उन्होंने पर्दे पर एक से बढ़कर एक यादगार किरदार निभाकर करोड़ों दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई है। अभिनय की दुनिया में अपार सफलता हासिल करने के बाद वे अब राजनीति के मैदान में अपनी नई जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। हाल ही में उनकी आखिरी फिल्म 'जना नायकन' सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों का मिला-जुला प्रतिसाद मिला। हालांकि बहुत कम लोग जानते हैं कि देश और दुनिया भर में विशाल फैन फॉलोइंग हासिल करने वाले थलपति विजय ने अपने अभिनय जीवन की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। विजय के ऑन-स्क्रीन सफर की सबसे खास बात यह रही कि एक बाल कलाकार के रूप में उनका पहला ब्रेक उनके पिता और जाने-माने फिल्म निर्माता एस. ए. चंद्रशेखर के निर्देशन में बनी फिल्म में मिला था। उन्होंने साल 1984



में प्रदर्शित हुई फिल्म 'वेत्री' से एक चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में अपना पहला कदम रखा था। इस फिल्म में अनुराधा, पंडारी बाई और एस. एस. चंद्रन जैसे दिग्गजों ने काम किया था। पिता और पुत्र के इस शुरुआती सिनेमाई जुड़ाव ने विजय के भविष्य के बड़े करियर की एक मजबूत नींव रख दी थी। थलपति विजय के शुरुआती करियर को तराशने में उनके पिता एस. ए. चंद्रशेखर का बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। विजय ने अपने शुरुआती दौर में अपने पिता के निर्देशन में बनी लगभग सात से आठ फिल्मों में काम किया था। 'वेत्री' के अलावा इनमें 'कुडुंबम', 'नांन सिगप्पु मनिथन', 'वसंत रागम', 'सट्टम ओरु विलायाट्टू', 'इधु एंगल नीधि', 'सेंदूरपांडी', 'रसीगन', 'देवा', 'विष्णु' और 'सुकरन' जैसी प्रमुख फिल्में शामिल थीं। इन फिल्मों के माध्यम से उन्हें अभिनय की बारीकियों को समझने और खुद को निखारने का पूरा मौका मिला। शुरुआती दौर में बाल कलाकार के रूप में पहचान बनाने के बाद विजय ने मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी मुख्य यात्रा शुरू की। समय के साथ उन्होंने एक के बाद एक कई सुपरहिट फिल्में दीं और भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी जबरदस्त पहचान बनाई। उनकी सबसे चर्चित और ब्लॉकबस्टर फिल्मों में 'मर्सल', 'थुप्पाक्की', 'मास्टर', 'कथ्थी', 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम', 'लियो', 'बिगिल', 'थेरी', 'पोक्किरी', 'तिरुमलाई' और 'घिल्ली' जैसे नाम प्रमुखता से शामिल हैं। थलपति विजय के व्यक्तिगत जीवन की बात करें तो उन्होंने साल 1999 में संगीता सोर्नालिंगम से शादी की थी। इस दंपत्ति के दो बच्चे हैं बेटा जेसन संजय और बेटी दिव्या शाशा। अब विजय की अगली पीढ़ी भी मनोरंजन जगत में कदम रखने जा रही है। उनके बेटे जेसन संजय बतौर निर्देशक अपनी पहली फिल्म 'सिग्मा' के साथ सिनेमाई सफर शुरू करने जा रहे हैं। आखिरी बार विजय 'जन नायकन' में नजर आए जो अनके करियर की आखिरी फिल्म है।

# फिल्मों ने सिखाया अनजान चीजों से डरना नहीं, प्यार करना जरूरी : कियारा आडवाणी

अभिनेत्री कियारा आडवाणी बहुप्रतिक्षित भारतीय एक्शन-ड्रामा फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में एक परतदार और बोल्ड सर्कस कलाकार का किरदार निभा रही हैं। बुधवार को अभिनेत्री ने अभिनय की दुनिया के अनुभव के बारे में बताया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की मेकिंग के दौरान की अपनी एक दिलचस्प तस्वीर शेयर की। तस्वीर में, एक्ट्रेस पानी से भरे एक बड़े, ट्रांसपेरेंट, कटोरे जैसे टैंक के अंदर आराम करती दिख रही हैं। अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने अपनी पोस्ट के जरिए बताया कि फिल्म ने उन्हें उनके कम्फर्ट जोन से बाहर निकाला और अनजान चीजों को अपनाना और रास्ते में नई स्किल्स सीखना सिखाया। अभिनेत्री ने लिखा, "फिल्में हमें ऐसी दुनिया में ले जाती हैं, जिसे हम कभी जानते ही नहीं, कभी-कभी तो सचमुच हर नया किरदार, नया सेट और क्रेजी चैलेंज आपको कुछ ऐसा सिखाता है, जिसके बारे में आपको पता नहीं होता है कि आप इसके काबिल भी हैं कि नहीं।" अभिनेत्री ने बताया कि फिल्मों ने उन्हें काफी सारी बातें सिखाई हैं। उन्होंने लिखा, "फिल्मों ने मुझे अनजान चीजों के साथ कम्फर्टेबल, क्यूरियस, सीखते रहना और इन सबके एडवेंचर में खुशी ढूंढना सिखाया। क्योंकि मेरे लिए, ग्रोथ हमेशा उन चीजों के लिए हाँ कहने के बारे में रही है जो आपको थोड़ा डराती हैं और उसके बाद के सफ़र को पसंद करने के बारे में।" उन्होंने आगे लिखा, "यह नई स्किल्स, नए एडवेंचर और उस तरह के पैशन के लिए है जो आपको बार-बार इसमें कूदने के लिए तैयार रखता है।" अभिनेत्री कियारा आडवाणी आगामी पैन-इंडिया गैंगस्टर फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोवन-अप्स' में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी, जहां वह 'नादिया' नाम की एक सर्कस परफॉर्मर का किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी सुपरस्टार यश के साथ है। फिल्म के टीजर और गाने पहले ही रिलीज कर दिए जा चुके हैं, जिसमें अभिनेत्री यश के साथ कुछ बोल्ड और इंटिमेट सीन्स में नजर आई, जो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहे हैं। हालांकि, इस बीच फिल्म की पूरी टीम कियारा के साथ नजर आईं। वहीं, कियारा का मानना है कि यह बोल्ड और मजबूत किरदार उनके अभिनय करियर का एक बड़ा टर्निंग प्वाइंट साबित हो सकता है। गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित फिल्म में यश (डबल रोल - राया और रूमी), कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत जैसे कलाकार नजर आएंगे। कियारा आडवाणी के अनुसार, 'टॉक्सिक' जैसी फिल्म उनके लिए सिर्फ एक अभिनय प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि खुद को नए अनुभवों के लिए तैयार करने का अवसर भी है। फिल्म के लिए उन्होंने ऐसे कई चैलेंजिंग सीक्वेंस और गतिविधियों पर काम किया, जिनके लिए उन्हें अपनी शारीरिक क्षमताओं और अभिनय कौशल को नए स्तर तक ले जाना पड़ा। फिल्म में 'नादिया' का किरदार कियारा के अब तक के किरदारों से काफी अलग बताया जा रहा है। एक सर्कस कलाकार के रूप में उनका लुक, बॉडी लैंग्वेज और परफॉर्मेंस फिल्म की कहानी में अहम भूमिका निभाने वाला है। किरदार की तैयारी के दौरान अभिनेत्री ने नई स्किल्स सीखने और अलग तरह के माहौल में काम करने के अनुभव को खास बताया। कियारा ने कहा कि किसी कलाकार के लिए अपने परिचित दायरे से बाहर निकलना आसान नहीं होता, लेकिन ऐसे ही अनुभव अभिनय में नई संभावनाओं के दरवाजे खोलते हैं। उनके मुताबिक, हर नया किरदार कलाकार को अपने बारे में कुछ ऐसा जानने का मौका देता है, जिसकी उसे पहले जानकारी नहीं होती। 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में कियारा पहली बार यश के साथ स्क्रीन साझा कर रही हैं। फिल्म को बड़े पैमाने पर तैयार किया गया है और इसे पैन-इंडिया दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। फिल्म में यश के साथ कियारा की जोड़ी को लेकर भी दर्शकों में काफी उत्सुकता बनी हुई है। फिल्म में नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। गीतू मोहनदास के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को एक्शन, ड्रामा और गैंगस्टर कहानी के मिश्रण के रूप में पेश



किया जा रहा है। खासतौर पर फिल्म में दिखाई गई उनकी अलग शैली और बोल्ड अंदाज ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है।

## 'अब भारत में नहीं रहती, 'रेबेल किड' अपूर्वा मखिजा ने छोड़ा देश, न्यूयॉर्क शिफ्ट होने की वजह का किया खुलासा



देश की जानी-मानी कंटेंट क्रिएटर अपूर्वा मखिजा, जिन्हें सोशल मीडिया की दुनिया में 'रेबेल किड' के नाम से पहचाना जाता है, एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं। डिजिटल स्पेस में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाली अपूर्वा ने भारत छोड़कर अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में बसने और वहां आगे की पढ़ाई करने का फैसला लिया है। अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर अपूर्वा ने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान अपने इस बड़े फैसले के पीछे की मुख्य वजहों का खुलासा किया। उन्होंने स्वीकार किया कि भारत में उनका सोशल सर्कल काफी सीमित हो गया था, जिससे उनकी सोच का दायरा भी सिमट रहा था। इसी वजह से वे अमेरिकी कॉलेज लाइफ का अनुभव करने और खुद को नए सिरे से तलाशने के लिए विदेश का रुख कर रही हैं। यूट्यूब चैनल 'अनट्रिगर्ड विद अमीनजाज' पर बात करते हुए अपूर्वा मखिजा ने अपने इस नए सफर के बारे में खुलकर चर्चा की। पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें हमेशा से ही न्यूयॉर्क शहर बेहद पसंद रहा है। उन्होंने कहा कि जब वे पहली बार वहां गई थीं, तभी उन्होंने ठान लिया था कि एक न एक दिन वे इस शहर में जरूर रहेंगी। उनका मानना था कि अगर दाखिला मिल गया तो वे चली जाएंगी और किस्मत से उनका दाखिला हो भी गया।

## 39 साल की उम्र में वरुण धवन का बड़ा सपना हुआ पूरा, खरीदा अपना खेत; चाय-बिस्किट संग मनाया जश्न

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता वरुण धवन ने अपने फैंस के साथ जीवन की एक बेहद खास और बड़ी उपलब्धि साझा की है। अभिनेता के लिए उनके जीवन की सबसे बड़ी कामयाबी किसी ब्लॉकबस्टर फिल्म के सेट या अवॉर्ड से नहीं, बल्कि प्रकृति के करीब बने उनके नए फार्म से जुड़ी हुई है। हाल ही में वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए इस बात का आधिकारिक ऐलान किया कि उन्होंने खुद का एक खेत खरीद लिया है। इस खास मौके को उन्होंने बारिश के खूबसूरत मौसम के बीच चाय और बिस्किट का आनंद लेते हुए बेहद सादगी भरे अंदाज में सेलिब्रेट किया। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो क्लिप में 39 वर्षीय अभिनेता अपने फार्म हाउस की खुली जगह में खड़े होकर सीधे कैमरे से बात करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपनी इस नई जमीन को खरीदने के अहसास को अपने जीवन का सबसे बड़ा मील का पत्थर करार दिया। अभिनेता ने वीडियो में दिल खोलकर अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि इस बेहतरीन मौसम में अपने फार्म पर खड़े होकर चाय और बिस्किट का लुत्फ उठाना उनके लिए बेहद अविश्वासी और अद्भुत अनुभव है। उन्होंने इस खास लम्हे का वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में सादगी से लिखा, 'मैंने एक खेत खरीदा है।' वरुण धवन का यह पोस्ट सामने आते ही सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल होने लगा और फैंस ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। अभिनेता को इस नई शुरुआत के लिए ढेरों बधाइयां और प्यार मिल रहा है। एक यूजर ने उनकी तारीफ करते हुए लिखा कि एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए आपका धन्यवाद। वहीं एक अन्य यूजर ने गांव के शांत माहौल की तारीफ करते हुए लिखा



कि गांव और प्रकृति के बीच की अनुभूति वाकई सबसे अलग होती है।

फैंस उनके इस साधारण और जमीन से जुड़े रवैये की जमकर सराहना कर रहे हैं। फिल्म में वरुण के अभिनय को 90 के दशक के बॉलीवुड अंदाज को दोबारा पेश करने की कोशिश के रूप में देखा गया। इस फिल्म से पहले अभिनेता सनी देओल के साथ बहुचर्चित देशभक्ति फिल्म 'बॉर्डर 2' में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नजर आए थे।

# सार समाचार

## ट्रंप ने कनाडा पर 50 फीसदी टैरिफ का फैसला टाला



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा से आयात होने वाले करीब 20 अरब डॉलर के सामान पर प्रस्तावित 50 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने के फैसले को तीन दिन के लिए टाल दिया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और कनाडा के बीच व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। ट्रंप ने मंगलवार देर रात सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने प्रस्तावित शुल्क को तीन दिन के लिए रोक दिया है, क्योंकि दोनों देशों के बीच एक समझौता हो गया है और अब दस्तावेजों को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। हालांकि, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, लेकिन अभी कुछ मुद्दों पर काम किया जाना बाकी है। अमेरिका का प्रस्तावित 50 फीसदी टैरिफ कनाडा के कई उत्पादों को प्रभावित करता, जिनमें शराब, हॉकी उपकरण, लकड़ी और अन्य सामान शामिल हैं। ये शुल्क बुधवार से लागू होने वाले थे। दोनों देशों के बीच जारी व्यापार विवाद के बीच इस फैसले से तत्काल टकराव टल गया है। ट्रंप ने इसी घोषणा में विवादित 'कीस्टोन एक्सएल तेल पाइपलाइन परियोजना' को फिर से शुरू करने के भी संकेत दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना 'कब्र से बाहर आ सकती है,' हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि पाइपलाइन को दोबारा शुरू करने का व्यापार समझौते से क्या संबंध होगा। कीस्टोन एक्सएल परियोजना का उद्देश्य कनाडा के अल्बर्टा प्रांत से कच्चे तेल को अमेरिका तक पहुंचाना था। तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 2021 में इसका परमिट रद्द कर दिया था।

## बलोच नेताओं की ट्रंप से अपील,'बलूचिस्तान पर बम बरसाने वाले पाकिस्तान से अमेरिका मांगे जवाब'



वाशिंगटन । बलोच अमेरिकन कांग्रेस के अध्यक्ष तारा चंद ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से गुजारिश की है कि वो बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना के हालिया हवाई हमले का संज्ञान लें और तुरंत दखल दें। इन हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत 30 से ज्यादा आम नागरिक मारे गए थे। ट्रंप को लिखे अपने पत्र में चंद ने कहा, "हम सम्मानपूर्वक आपके प्रशासन से आग्रह करते हैं कि वह इन गंभीर आरोपों की जांच करे और यह पता लगाए कि क्या इस कथित ऑपरेशन में अमेरिका में बने किसी विमान, हथियार, ड्रोन, टेक्नोलॉजी, पुर्जों या अन्य सैन्य उपकरणों का इस्तेमाल किया गया था।" चंद ने अमेरिकी अधिकारियों से यह भी मांग की कि अगर अमेरिकी हथियारों के ट्रांसफर संबंधी शर्तों का उल्लंघन हुआ है तो किसी एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराएं और जवाबदेही तय करें।

## सर्जियो गोर की टिप्पणी से पाकिस्तान को लगी मिर्ची, जम्मू-कश्मीर पर छेड़ा पुराना बेसुरा राग



इस्लामाबाद। जम्मू-कश्मीर पर भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर की टिप्पणी के खिलाफ पाकिस्तान ने बुधवार को इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी (चार्जे डी अफेयर्स) को तलब कर औपचारिक विरोध दर्ज कराया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, "अमेरिका के राजदूत की जम्मू-कश्मीर की स्थिति को लेकर की गई कथित 'तथ्यात्मक रूप से गलत' टिप्पणियों पर विरोध पत्र सौंपा गया।'' बयान में कहा गया कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर को 'भारत का हिस्सा' बताए जाने की टिप्पणी को खारिज कर दिया। पाकिस्तान ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विवादित क्षेत्र है, जिसका अंतिम निर्णय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संबंधित प्रस्तावों और कश्मीरी जनता की आकांक्षाओं के अनुसार होना बाकी है। बयान के अनुसार, पाकिस्तान ने यह भी कहा कि अमेरिकी राजदूत का यह गैर-जिम्मेदाराना बयान जम्मू-कश्मीर विवाद पर अमेरिका के लंबे समय से चले आ रहे रुख के विपरीत है। यह अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर की सर्वोच्चता के प्रति अमेरिका की घोषित प्रतिबद्धता से भी मेल नहीं खाता। हालांकि, गोर की टिप्पणी से बौखलाए पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर विवाद के समाधान के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की अमेरिका की पेशकश की सराहना की। साथ ही, सार्वजनिक बयान जम्मू-कश्मीर की विवादित स्थिति के अनुरूप देने का आग्रह किया।

# 'किसी ने ईरान की मदद की, तो देंगे ऐसी सजा कि...', गुस्से से तिलमिलाए ट्रंप ने दी धमकी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वे ईरान की अर्थव्यवस्था को निशाना बनाने के लिए एक बड़ा नया अभियान शुरू कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी देश इस इस्लामिक देश की मदद करेगा या उसके साथ व्यापार करेगा, उसे "बहुत भारी" सज़ा भुगतनी होगी। ट्रंप ने सोशल मीडिया अकाउंट ट्रूथ सोशल पर लिखा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ ईरान को डील करने का जितना मौका मैंने दिया है, उतना किसी और ने नहीं दिया। दुख की बात है कि वे इस मौके का फ़ायदा नहीं उठा पाए। इसलिए, आज मैं किसी भी देश के ख़िलाफ़ अब तक की सबसे ज़बरदस्त आर्थिक कार्रवाई का ऐलान कर रहा हूँ! यह अभूतपूर्व स्तर पर आर्थिक युद्ध और अलग-थलग करने की कार्रवाई होगी। ट्रंप ने आगे लिखा, उनकी नौसेना खत्म हो चुकी है, वायुसेना बर्बाद हो गई है, मिलिट्री फ़ैक्ट्रियां मलबे में बदल चुकी हैं, उनकी करेंसी बेकार हो गई है, और उनका देश बर्बादी की कगार पर है। आज मैं यह भी ऐलान कर रहा हूं कि जो भी देश अपने फ़ाइनेंशियल संस्थानों, बिज़नेस, एयरपोर्ट या सरकारी संस्थाओं को ईरान को किसी भी तरह की मदद देने की इजाज़त देगा, उसे खुद बहुत बुरे आर्थिक नतीजों का सामना करना पड़ेगा। तेल की तस्करी, स्वैप लाइन, कैश ट्रांसफ़र, एक्सचेंज हाउस, जहाज़ों की रजिस्ट्री, फ़्रंट कंपनियां, इन सबको अभी रोकना होगा। आप जानते हैं कि आप कौन हैं। यह एक 'इकोनॉमिक D-DAY' होगा, और हमें ईरान के ख़तरे को अलग-थलग करने और उसे हराने के लिए अपने सभी सहयोगियों का साथ चाहिए। ये सिरफिरे लोग हार की कगार पर हैं, और ये ऐतिहासिक कदम उन्हें और दुनिया भर में आतंक फैलाने की उनकी क्षमता को पंगु बना देंगे। ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होगा। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद। यह स्थिति तब बनी जब इस अहम रास्ते को फिर से खोलने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच बनी शुरुआती सहमति टूट गई।

# जम्मू-कश्मीर पर अमेरिका के बयान के क्या मायने? बौखलाए पाकिस्तान ने US राजदूत को किया तलब



अमेरिका ने पाकिस्तान को बड़ा झटका देते हुए जम्मू कश्मीर को भारत का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया है। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने श्रीनगर में ये बयान दिया जिसके बाद पाकिस्तान तिलमिला गया है। पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में अमेरिका के कार्यवाह राजदूत को तलब करके सर्जियो गोर के बयान का विरोध किया। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की तरफ से एक प्रेस रिलीज जारी करके बाकायदा इसकी जानकारी दी गई। सर्जियो गोर कल श्रीनगर में थे और आज लेह लद्दाख के दौरे पर जा रहे हैं। कल श्रीनगर की डल झील की सैर करने के बाद गोर ने ये बयान दिया जिसके बाद पाकिस्तान में खलबली मच गई है। US राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि यहां आना बहुत खुशी की बात है। यहां सभी जानते हैं कि मैं भारत में अमेरिका का राजदूत हूं, ये भारत का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

हमें विश्वास है कि इसे इलाके को सुरक्षित रखने के लिए अतुलनीय कदम उठाए गए हैं और ज्यादा सुरक्षित कर रहे हैं। श्रीनगर में अमेरिकी राजदूत के दिए गए बयान की तपिश इस्लामाबाद से लेकर पाकिस्तान आर्मी के हेडक्वार्टर रावलपिंडी तक महसूस की गई। झुंझलाए पाकिस्तान ने ज़रा भी सब्र ना दिखाते हुए इस्लामाबाद में अमेरिका के कार्यवाहक राजदूत को तलब करके सर्जियो गौर के बयान पर कड़ा ऐतराज जताते हुए उसका विरोध किया। पाकिस्तान ने अमेरिकी राजनयिक को समन करने पर एक लंबा चौड़ा बयान भी जारी किया है और जम्मू-कश्मीर को लेकर उल-जलूल बयानबाज़ी की है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने भारत को लेकर लेवल-2 एडवाइजरी है।

# इमरान खान को जेल से बाहर नहीं आने देगी शहबाज शरीफ की सरकार? सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी नहीं मान रही





पाकिस्तान का असली चेहरा दुनिया के सामने एक बार फिर से एक्सपोज हो गया है। शहबाज शरीफ की सरकार ने इमरान खान को जेल से हॉस्पिटल में शिफ्ट करने से इनकार कर दिया है। बता दें कि मंगलवार को ही पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल से जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 48 घंटे के भीतर प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराने का आदेश दिया था। चीफ जस्टिस की बेंच ने अपने आदेश में साफ-साफ कहा था कि इमरान खान की हालत ठीक नहीं हैं, उन्हें बेहतर इलाज मिले, ये उनका हक है। इसलिए सरकार उन्हें इस्लामाबाद के शिफा हॉस्पिटल में एडमिट करे। लेकिन बुधवार को शहबाज शरीफ की सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से अपने फैसले पर फिर से गौर करने की अपील कर दी है। दरअसल, मंगलवार को पाकिस्तान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में इमरान खान की आधी-अधूरी, फर्जी मेडिकल रिपोर्ट्स पेश की थी। ये साबित करने में पूरी ताकत लगाई थी कि इमरान खान ठीक हैं और उनका इलाज जेल में ही हो सकता है। सरकार ने कहा था कि उन्हें हॉस्पिटल में शिफ्ट करने की जरूरत नहीं हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने शहबाज शरीफ की सरकार का झूठ पकड़ लिया और इमरान खान को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराने का आदेश दिया। हालांकि, बुधवार को आज पाकिस्तान की हुकूमत ने जेल में बंद हजारों कैदियों के हक का मुद्दा उठा दिया। पाकिस्तान के मंत्रियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। किसी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से अराजकता फैल जाएगी और हर कैदी जेल से हॉस्पिटल में शिफ्ट करने की मांग करेगा। किसी ने कहा कि अगर इमरान खान जेल से बाहर आए तो पूरे मुल्क में फिर हंगामा होगा। तहरीके इंसाफ पार्टी के लोग फिर सड़कों पर निकलेंगे। क्या सुप्रीम कोर्ट गारंटी लेगा कि PTI के वर्कर इसे सियासी मुद्दा नहीं बनाएंगे। शहबाज शरीफ की सरकार ने दूसरी तरफ एक चालाकी भी की और सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर के मुताबिक, इमरान खान के परिवार वालों को जेल में एंट्री दे दी और इमरान खान से 15 मिनट की मुलाकात करवा दी। नौ महीने के बाद बुधवार को इमरान खान की बहन नूरीन नियाजी अडियाला जेल में अपने भाई से मिलीं। इमरान खान की वाइफ बुशरा बेगम भी अडियाला जेल में कैद हैं, उन्हें इमरान खान से अलग दूसरी बैरक में रखा गया है। इसके बाद शहबाज शरीफ के मंत्रियों ने कहना शुरू कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक जो जायज बात थी, वो सरकार ने पूरी कर दी है।

# पाकिस्तान बॉर्डर बंद हुआ तो अंगूर बन रहे किशमिश, अफगान किसानों की कमाई पर बड़ा संकट



काबुल। अफगानिस्तान के दक्षिणी प्रांत कंधार में इस साल अंगूर की फसल अच्छी हुई है, लेकिन किसान इस अच्छी पैदावार का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच बॉर्डर बंद होने से अंगूर का सबसे बड़ा बाजार पहुंच से बाहर हो गया है। ऐसे में किसान ताजे अंगूर बेचने के बजाय उन्हें सुखाकर किशमिश बनाने को मजबूर हैं। दोनों देशों के बीच महीनों से पहाड़ी सीमा पर रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है। इस लड़ाई में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार उन आतंकियों को पनाह दे रही है, जो पाकिस्तान के अंदर हमले करते हैं। अफगानिस्तान इस आरोप से इनकार करता है। लड़ाई के साथ ही दोनों देशों के बीच रास्ते भी बंद हो गए हैं। इससे अफगानिस्तान के कई उत्पादकों के लिए पाकिस्तान का बाजार पूरी तरह कट गया है। कंधार के जरी जिले में अंगूर के बड़े गोदामों में किसान अपनी फसल सुखाने में जुटे हैं। लंबे गोदाम में पंखे गर्म हवा को चारों ओर घुमा रहे हैं और लकड़ियों पर लटके हरे-भरे अंगूर धीरे-धीरे सूखकर किशमिश में बदल रहे हैं। ताजा अंगूर पाकिस्तान नहीं भेज पाने के कारण किसानों ने उन्हें घरेलू बाजार में बेचना शुरू किया। लेकिन वहां पहले से ही अंगूर की भारी सप्लाई है। ज्यादा माल आने से कीमतें तेजी से गिर गई हैं। अब कई किसान अंगूर को सुखाकर किशमिश बना रहे हैं। हालांकि, किशमिश के दाम भी काफी नीचे गिर चुके हैं। जरी में अंगूर का बाग रखने वाले साखी जान ने बताया कि उनके परिवार में 10 लोग हैं और परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले 7 किलो किशमिश करीब 1000 से 1200 अफगानी में बिक जाती थी। अब इतनी ही किशमिश के लिए केवल 400 से 450 अफगानी मिल रहे हैं। कंधार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इन्वेस्टमेंट के डिप्टी डायरेक्टर अब्दुल बाकी बीना ने बताया कि सीमा बंद होने से अफगानिस्तान के फल निर्यात को बड़ा नुकसान हुआ है। इसका असर सिर्फ अंगूर पर नहीं, बल्कि अनार के कारोबार पर भी पड़ा है।

# अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्य अभ्यास छह दिन पहले खत्म, ट्रंप ने दिया था आदेश

सोल। कोरियाई महाद्वीप को लेकर अमेरिका के रवैए में जबरदस्त बदलाव आया है। नॉर्थ कोरिया से बातचीत की कोशिशों के बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया का वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' इस बार निर्धारित समय से छह दिन पहले समाप्त होगा। दक्षिण कोरिया ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के अनुरोध पर अभ्यास अब 21 अगस्त को खत्म किया जाएगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन के साथ दोबारा बातचीत शुरू करने के प्रयास कर रहे हैं। ट्रंप ने हाल में अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों पर सवाल उठाते हुए कहा था कि ये महंगे हैं और उत्तर कोरिया के साथ संबंध सुधारने की उनकी कोशिशों के लिहाज से जरूरी नहीं हैं। योनहाप ने बताया कि दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अनुसार, इस साल का अभ्यास करीब 11 दिनों के लिए निर्धारित था। इसमें दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सैनिकों के साथ संयुक्त राष्ट्र कमान से जुड़े सैन्यकर्मी भी शामिल हुए। अभ्यास का उद्देश्य उत्तर कोरिया के संभावित हमले की स्थिति में दोनों देशों की संयुक्त सैन्य तैयारी और कमान क्षमताओं को मजबूत करना है। अभ्यास को छह दिन पहले खत्म करने का फैसला सोल के लिए भी अचानक आया। दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री चो ह्यून ने कहा कि उन्हें अमेरिका के इस फैसले की अग्रिम जानकारी नहीं थी। इससे दोनों सहयोगी देशों के बीच सैन्य समन्वय को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

# उत्तर कोरिया ने दी 'आत्मरक्षा' की चेतावनी, ट्रंप के सैन्य अभ्यास घटाने के आदेश का नहीं दिखा असर

सोल। उत्तर कोरिया और अमेरिका के बीच दूरी को पाटना चाहते हैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दूसरी ओर सोल भी चाहता है कि प्योंगयांग से रिश्ते सामान्य हों लेकिन नॉर्थ कोरिया फिलहाल इन बातों की फिक्र नहीं कर रहा है। उसने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' (यूएफएस) की आलोचना करते हुए चेतावनी दी है कि वह अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने के अधिकार का इस्तेमाल करेगा। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश के बाद अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने सैन्य अभ्यास की अवधि और दायरा कम करने का फैसला किया है। योनहाप ने बताया कि उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के अनुसार, प्योंगयांग ने अभ्यास को दुश्मन देशों की ओर से किए जा रहे आक्रामक सैन्य अभ्यास करार दिया और कहा कि वह अपने खिलाफ सैन्य खतरे को पूरी तरह निष्प्रभावी करने के लिए कदम उठाएगा। उत्तर कोरिया ने ट्रंप के हालिया आदेश का सीधे तौर पर उल्लेख नहीं किया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया का वार्षिक सैन्य अभ्यास सोमवार से शुरू हुआ था और इसे 27 अगस्त तक चलना था। अब दोनों देशों ने इसे शुक्रवार को ही समाप्त करने का फैसला किया है। इसके अलावा, अभ्यास के तहत होने वाले कुछ मैदानी प्रशिक्षणों में भी कटौती की जाएगी। ट्रंप ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा था कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास महंगे हैं और उत्तर कोरिया के प्रति गलत संदेश देते हैं।

# टेकऑफ के दौरान विमान की पूंछ रनवे से टकराई, 2 घंटे हवा में घूमकर गिराया फ्यूल; म्यूनिख एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा



जर्मनी के म्यूनिख एयरपोर्ट पर 15 अगस्त को बड़ा हादसा टल गया। तमाम मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हनोई जा रही वियतनाम एयरलाइंस के बोइंग 787 विमान की टेकऑफ के कुछ देर बाद ही इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। वियतनाम एयरलाइंस की Boeing 787-9 फ्लाइट VN-34 टेकऑफ के दौरान मुश्किल में फंस गई। दरअसल, विमान की पूंछ रनवे से टकरा गई, जिसके बाद विमान ने करीब 2 घंटे तक म्यूनिख के ऊपर चक्कर लगाए और फिर सुरक्षित एयरपोर्ट लौट आया। घटना के बाद विमान करीब 9,000 फीट की ऊंचाई पर म्यूनिख के ऊपर लगभग 2 घंटे तक उड़ता रहा। इस दौरान विमान ने ईंधन कम करने के लिए हवा में ही फ्यूल गिराया, जिसके बाद वह म्यूनिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट लौट आया। विमान की टेल-स्ट्राइक (पूंछ के हिस्से के टकराने) से उसे नुकसान भी पहुंचा। हनोई जाने वाली फ्लाइट VN-34 ने 15 अगस्त को दोपहर करीब 1:45 बजे (लोकल समय) म्यूनिख से उड़ान भरी थी। वियतनाम के सरकारी मीडिया के अनुसार, प्लेन में 271 यात्री और 16 क्रू मेंबर सवार थे और वे सभी सुरक्षित हैं। इससे पहले, वियतनाम एयरलाइंस ने कहा था कि फ्लाइट एक "तकनीकी खराबी" के कारण वापस लौट आई थी। फ्लाइट के टेकऑफ के वक्त विमान रनवे पर तेजी से आगे बढ़ता है। इसी दौरान एक तेज आवाज सुनाई देती है और विमान की पूंछ रनवे से टकरा जाती है। इसके बाद विमान ऊपर उठता है और उसके पीछे धूल का बड़ा गुबार उड़ता दिखाई देता है। विमान ने साउथ रनवे से उड़ान भरी थी लेकिन लैंडिंग नॉर्थ रनवे पर की गई, जिसे बाद में सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया था।

# खेल समाचार

## एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप: भारत ने पाकिस्तान का किया गेम ओवर, पूल मुकाबले में 5-3 से चटाई धूल

एम्सटेलवीन (नीदरलैंड्स)। पाकिस्तान के खिलाफ भारत का 'वर्चस्व' बरकरार है। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 में एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में खेले गए पूल डी के मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 5-3 से हराया। भारत ने मुकाबले की शुरुआत दमदार अंदाज में की और गेंद पर कंट्रोल बनाया। मैच के चौथे मिनट में ही भारतीय टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसका भरपूर फायदा उठाते हुए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। 1-0 की बढ़त को भारत ने जल्द ही दोगुना कर दिया। मैच के 11वें मिनट में अभिषेक से मिले शानदार पास को मंदीप सिंह ने गोल में तब्दील किया। पहले क्वार्टर में 2-0 की बढ़त के साथ भारतीय टीम का पूरी तरह से दबदबा रहा। दूसरे क्वार्टर का आगाज भी भारतीय टीम ने शानदार तरीके से किया। मैच के 20वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए कप्तान हरमनप्रीत ने भारत की बढ़त को 3-0 कर दिया। हालांकि, इसके बाद पाकिस्तान ने मैच में कुछ हद तक वापसी करने की कोशिश की। मैच के 21वें मिनट में पाकिस्तान की तरफ से हन्नान शाहिद ने पहला गोल दागा। इसके ठीक दो मिनट बाद ही अभिषेक ने एक और शानदार गोल दागा और भारत की बढ़त को 4-1 कर दिया।

## एशियाई यूथ हैंडबॉल में राजस्थान के मानवेन्द्र सिंह करेंगे देश का प्रतिनिधित्व, टीम जॉर्डन रवाना



जयपुर। अम्मान (जॉर्डन) में 20 से 31 अगस्त तक होने वाली 11वीं एशियाई पुरुष यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये भारतीय टीम बुधवार को जॉर्डन रवाना हो गई। इस टीम में राजस्थान के मानवेन्द्र सिंह का चयन हुआ है।

राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय टीम में पीवट पोजीशन पर चयनित मानवेन्द्र सिंह जोधपुर के भालासरिया गाँव का है तथा गत वर्ष से राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा जैसलमेर में संचालित बालक हैंडबॉल अकादमी का खिलाड़ी है। उन्होंने बताया कि भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर 22 जुलाई से 18 अगस्त तक अलीगढ़ स्थित पावना स्पोर्ट्स फाउंडेशन के इंडोर हैंडबॉल स्टेडियम में लगाया गया था। पावना स्पोर्ट्स फाउंडेशन की गोल्डन ईगल हैंडबॉल अकैडमी के लिए अनुबंधित विदेशी कोच पुर्तगाल के फर्नांडो नुएनस भारतीय टीम के कोच के रूप में गए है। अन्य प्रशिक्षकों में पी. कीर्ति वेंकटेश (गोल्डन ईगल-अलीगढ़), मोहम्मद तौहीद (उत्तर प्रदेश), नवीन मलिक (इंडियन रेलवे) है। मानवेंद्र सिंह के चयन पर राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष ललित कुमार कलाल, मानद सचिव यश प्रताप सिंह सहित समस्त कार्यकारिणी ने बधाई एवं शुभकामनाए देते हुए कामना की कि राजस्थान का यह युवा खिलाड़ी एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेगा।

## 'बस मैदान पर उतरिए और खेलिए', मुश्किल दौर में पीवी सिंधु को मिली थी विराट कोहली से खास सलाह



नई दिल्ली। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने बताया है कि कैसे विराट कोहली की एक सलाह ने उनके करियर के सबसे मुश्किल दौर में उनके नजरिए को बदलने में मदद की। सिंधु ने कहा कि भारतीय क्रिकेटर ने उन्हें बस कोर्ट पर उतरने और अपनी तैयारी पर भरोसा रखने की अहमियत याद दिलाई। सिंधु, जो अभी नई दिल्ली में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा ले रही हैं ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पॉडकास्ट पर कोहली के साथ हुई बातचीत को याद किया। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट ने कहा कि उन्होंने कोहली से तब बात की थी जब उन्हें लग रहा था कि कुछ नहीं हो रहा है, लेकिन कोहली का जवाब बहुत सीधा-सादा था। सिंधु ने कहा, "मैं कहूंगी कि वह मेरे भाई जैसे हैं, क्योंकि मुझे याद है जब मैं बहुत मुश्किल दौर से गुजर रही थी तब मैं उनसे मिली और मैंने कहा कि कुछ नहीं हो रहा है। उन्होंने बस इतना कहा, 'बस मैदान पर उतरिए, कोई बात नहीं, बस जाइए और खेलिए'।" यह सलाह सिंधु को बहुत पसंद आई। उन्होंने कहा कि कोहली ने उन्हें नतीजों की चिंता करने के बजाय मुकाबले पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आगे कहा, "उन्होंने मुझसे कहा कि मैं कहीं भी और किसी भी चीज के लिए मैदान पर उतरूं और बस अपना खेल खेलूं। क्या होगा? आप कुछ नहीं खोएंगी; आप जानती हैं कि आप क्या हैं, आपने कैसी ट्रेनिंग की है और दुनिया को दिखाएं कि आप कौन हैं। तो मुझे लगता है कि इस बात ने मुझ पर गहरा असर डाला और उस बातचीत ने मेरा नजरिया पूरी तरह बदल दिया।" 31 साल की सिंधु ने यह भी बताया कि वह कोहली के संपर्क में रहती हैं और अपनी उपलब्धियां उनके साथ शेयर करती हैं। सिंधु ने कहा, "जब भी मैं जीतती हूं, तो मैं अपनी खुशी शेयर करती हूं और बताती हूं कि मैंने यह या वो जीता है। हाल ही में मैं उनसे मिली थी।"

## हार के साथ बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में समाप्त हुआ उन्नति का सफर



उन्नति हुड्डा का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप का सफर दूसरे राउंड में खत्म हो गया। बुधवार को उन्हें कनाडा की मिशेल ली के हाथों कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। 18 साल की भारतीय खिलाड़ी अपने से ज्यादा रैंकिंग वाली कनाडा की प्रतिद्वंद्वी को चौंकाने के बहुत करीब थी, लेकिन इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक घंटे से भी कम समय तक चले मैच में उन्हें 21-11, 9-21, 21-23 से दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। उन्नति म्यांमार की थेत हतार थुजार को 22-20, 21-16 से सीधे गेम में हराकर दूसरे राउंड में पहुंची थीं। 2025 में उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी जीतों में से एक हासिल की थी, जब उन्होंने चाइना ओपन में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को हराया था।

उन्नति ने शानदार शुरुआत की और तेजी से चार अंक हासिल किए और अपने इरादे साफ कर दिए। भारतीय खिलाड़ी ने अपनी बढ़त बनाए रखी और पहले गेम में 11-8 के स्कोर के साथ तीन अंकों की बढ़त के साथ इंटरवल में पहुंचीं। नेट पर ली के एक जोखिम भरे दांव की वजह से उन्नति ने एक अंक और अपनी सर्विस गंवा दी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी के पास अभी भी अच्छी बढ़त थी। उन्नति ने अपनी अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को हर अंक के लिए संघर्ष करने पर मजबूर किया और फिर शानदार अंदाज में पहला गेम अपने नाम किया। उन्नति ने पहले गेम का आत्मविश्वास दूसरे गेम में भी बरकरार रखा और 3-1 की बढ़त के साथ शुरुआत की। हालांकि, पलक झपकते ही खेल का रुख ली के पक्ष में हो गया। कनाडा की खिलाड़ी 6-4 से आगे हो गई और 11-5 की बढ़त के साथ मिड-गेम इंटरवल में पहुंचीं। उन्नति की बिना दबाव वाली गलतियों का फायदा उठाकर ली ने अपना खेल बेहतर किया और दूसरा सेट 21-9 से जीत लिया। निर्णायक मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी ने कड़ी टक्कर दी और कुछ बेहतरीन विनर्स भी लगाए। उन्होंने लगातार पांच अंक हासिल करके 5-4 की बढ़त बना ली। हालांकि दोनों खिलाड़ियों ने नेट के पास गलतियां कीं, लेकिन उन्नति के पास 10-9 की मामूली बढ़त थी। अगली ही रैली में, खराब शॉट सिलेक्शन की वजह से ली ने स्कोर 10-10 से बराबर कर लिया। मैच 19-19 की बराबरी का चल रहा था, तभी एक चालाकी भरे शॉट और जबरदस्त स्मैश ने उन्नति को 20-19 पर मैच पॉइंट का मौका दिया। हालांकि, वह इसे भुना नहीं पाईं। अहम मौके पर गलत शॉट खेलने की वजह से ली को वापसी करने का मौका मिला और उन्होंने 23-21 से जीत हासिल की, जिससे उन्नति को अपने वर्ल्ड चैंपियनशिप डेब्यू पर दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। उन्नति हुड्डा का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 में शानदार शुरुआत के बाद सफर दूसरे दौर में बेहद करीबी मुकाबले के साथ समाप्त हो गया। कनाडा की अनुभवी मिशेल ली के खिलाफ भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम जीतकर अपनी क्षमता का परिचय दिया, लेकिन निर्णायक गेम में कुछ अहम मौकों पर मिली बढ़त को जीत में तब्दील नहीं कर सकीं। तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच शुरुआत से ही कड़ा मुकाबला देखने को मिला। उन्नति ने लगातार आक्रामक खेल दिखाते हुए 5-4 की बढ़त बनाई और इसके बाद भी मुकाबला बराबरी पर चलता रहा। नेट प्ले में दोनों खिलाड़ियों से कुछ गलतियां हुईं, लेकिन उन्नति ने दबाव के बावजूद 10-9 की बढ़त हासिल कर ली।

## श्रीलंका पर जीत के बाद भारतीय कप्तान गिल ने पड्डिकल और सुथार की तारीफ की



गाले। भारतीय क्रिकेट टीम ने गाले में खेले गए टेस्ट मैच में श्रीलंका को 165 रन से हरा दिया। शुभमन गिल के लिए एक बल्लेबाज के तौर पर यह मैच अच्छा नहीं रहा। वह दोनों पारियों में फ्लॉप रहे, लेकिन एक कप्तान के तौर पर उनके लिए मैच संतोषजनक रहा। मैच के बाद शुभमन गिल ने कहा, "अपने देश के लिए 600वां टेस्ट मैच जीतना सच में बहुत खास है। हमारे लिए यह बहुत अच्छी जीत थी। मुझे लगता है कि हम एक आरामदायक स्थिति में थे। मौसम की वजह से पक्का नहीं था कि मैच होगा, या नहीं, हम पर थोड़ा दबाव था। लेकिन मुझे लगता है कि टीम ने बहुत अच्छा रिस्पॉन्स दिया।" दूसरी पारी में टीम की खराब बल्लेबाजी पर गिल ने कहा, "चिंता की कोई बात नहीं है। हम तीसरी पारी में बल्लेबाजी कर रहे थे, तो लगभग 400 रन बनाना चाहते थे। विकेट पर अपनी मर्जी से रन बनाना आसान नहीं था। हम तीसरी पारी में थोड़ा आक्रामक होकर खेलना चाहते थे। हमें श्रीलंका को चौथी पारी में बल्लेबाजी देने के लिए पर्याप्त ओवर चाहिए थे, जबकि बारिश की वजह से कुछ भी निश्चित नहीं था। इसी वजह से शुरुआत में कुछ विकेट जल्दी गिरे, लेकिन मुझे लगता है कि हम आरामदायक स्थिति में थे।" मानव सुथार पर गिल ने कहा, "वह शानदार गेंदबाजी कर रहा है। भारत में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए पहले मैच में भी और इस मैच में भी उसने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वह बहुत होनहार खिलाड़ी लगता है और ऐसा कोई जो इंडिया के लिए बहुत लंबे समय तक खेल सकता है। देवदत्त पडिक्कल ने शानदार बल्लेबाजी की और जरूरी शतक लगाया। उसके शतक ने हमें आरामदायक स्थिति में रखा। दूसरी पारी में भी उसकी बल्लेबाजी शानदार थी।" गिल ने कहा कि टेस्ट जीतना आसान नहीं, लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाना हमारा आखिरी लक्ष्य है। मैच पर नजर डालें तो भारत ने पहली पारी में 462 रन बनाए थे। देवदत्त पड्डिकल ने 167 रन की पारी खेली थी। श्रीलंका की पहली पारी 284 रन पर सिमट गई थी और 178 रन से पिछड़ गई थी। श्रीलंका 206 रन पर ऑल आउट हो गई और 165 रन से मैच हार गई।

## बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप: अर्जुन/अमसाकरुणन की जोड़ी का अभियान समाप्त




नई दिल्ली। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 के 'राउंड ऑफ 32' में भारत की मेंस डबल्स जोड़ी एमआर अर्जुन/हरिहरन अमसाकरुणन को साउथ कोरिया के एमएच कांग/डी. काय के खिलाफ 17-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। बुधवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में सीधे गेम में हारने के बाद, भारतीय जोड़ी ने अपनी गलतियों और कड़े शुरुआती गेम को जीतने में नाकाम रहने को हार का कारण बताया। आयरलैंड के स्कॉट गिल्डिया/पॉल रेनॉल्ड्स के चोट के कारण हट जाने के बाद भारतीय जोड़ी 'राउंड ऑफ 32' में पहुंची थी, लेकिन साउथ कोरियाई जोड़ी के विरुद्ध शिकस्त झेलनी पड़ी। हार पर बात करते हुए हरिहरन अमसाकरुणन ने कहा कि मैच कठिन था, लेकिन शुरुआती गेम के अहम मोड़ पर भारतीयों ने गलतियां करना शुरू कर दिया। इस हार के साथ ही घरेलू वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय जोड़ी का सफर खत्म हो गया। हरिहरन अमसाकरुणन ने कहा, "हम अच्छा खेल रहे थे। कोरियाई डिफेंस के बारे में हमें मैच से पहले ही पता था कि यह आसान मैच नहीं होगा। हमें कम से कम 10-12 या 15 रैलियों के बाद प्वाइंट्स मिल रहे थे। यह अच्छा था। हमारा खेल बहुत करीबी था, कांटे की टक्कर थी, स्कोर 15-15 था। उसके बाद, हमारी तरफ से आसान गलतियां हुईं। दूसरा सेट थोड़ा धीमा था; हम धीमे खेल की ओर चले गए। स्मैश वगैरह से प्वाइंट्स नहीं बना पाए। तो, ठीक है; यह एक अच्छा मैच था। अगले टूर्नामेंट का इंतजार है।" वहीं, अर्जुन ने कहा कि कोरियाई जोड़ी की रफ्तार मुख्य समस्या नहीं थी, बल्कि अहम पलों में भारतीय खिलाड़ी अपने गेम प्लान को सही ढंग से लागू नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, "नहीं, रफ्तार बिल्कुल भी समस्या नहीं थी, क्योंकि मुझे लगता है कि पहले गेम में हम रफ्तार के साथ प्वाइंट बना रहे थे। मेरा मतलब है, हमारी रणनीति तेज साइड से शुरुआत करने और अटैकिंग स्मैश लगाने की थी। रफ्तार के साथ उन्हें एक तरफ से दूसरी तरफ दौड़ाने की थी।

## एस्टन विला फुटबॉल क्लब ने गोलकीपर सुजुकी और डिफेंडर रुगेरी को किया साइन



लंदन। एस्टन विला ने नए प्रीमियर लीग सीजन से पहले जापान के गोलकीपर जियोन सुजुकी और इटली के डिफेंडर माटेओ रुगेरी को साइन किया है। इन दोनों के जुड़ने से टीम को और मजबूती मिली है। इंग्लिश क्लब ने बुधवार को इन खिलाड़ियों को साइन करने की पुष्टि की। मैनेजर उनाई एमरी के नेतृत्व में विला अपनी टीम को और बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा है, जिसके तहत ये दोनों खिलाड़ी टीम में शामिल किए गए हैं। 23 साल के सुजुकी सीरी ए की टीम पार्मा से आए हैं और उन्होंने तेजी से जापान के बेहतरीन युवा गोलकीपरों में अपनी जगह बनाई है। यह गोलकीपर जापान की फीफा वर्ल्ड कप 2026 टीम का हिस्सा भी रहा था और वह सीनियर नेशनल टीम के लिए 22 मैच खेल चुके हैं। सुजुकी के फुटबॉल करियर की शुरुआत जापान में उरावा रेड डायमंड्स के साथ हुई, जहां उन्होंने सिर्फ 16 साल की उम्र में फर्स्ट-टीम के लिए डेब्यू किया। बेल्जियम में सिंट-ट्रुइडन के साथ अनुभव हासिल करने के बाद, सुजुकी इटली चले गए और पिछले दो सीजन पार्मा फुटबॉल क्लब की तरफ से खेल रहे थे। वहीं, रुगेरी स्पेन में एक सीजन बिताने के बाद एटलेटिको मैड्रिड से विला फुटबॉल क्लब में शामिल हो रहे हैं।

## भारत बनाम पाकिस्तान हॉकी वर्ल्ड कप मैच का फैंस के बीच दिखा जुनून

बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में खेले जा रहे हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अपना अगला मुकाबला पूल-डी में पाकिस्तान की टीम के खिलाफ 19 अगस्त को एम्सटेलवीन में खेलना है। इस मुकाबले का जहां दोनों देशों के फैंस का काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं तो वहीं एम्सटेलवीन में फैंस के बीच काफी जोश देखने को मिल रहा है और इसी कारण मैच के सभी 10 हजार टिकट बिक चुके हैं। भारत और पाकिस्तान काफी लंबे अंतराल के बाद हॉकी वर्ल्ड कप में एक-दूसरे का आमना-सामना करेंगे और दोनों टीमों के बीच में ये मुकाबला एम्सटेलवीन के वेगनेर स्टेडियम में खेला जाएगा जो पूरी तरह से हाउसफुल रहेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच में हॉकी वर्ल्ड कप 2026 मुकाबले को लेकर समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार नीदरलैंड में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों में इस मैच को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। रॉयल डच हॉकी संघ की अधिकारी तमारा बोउवमन्स ने इस मैच की टिकट बिक्री को लेकर दिए बयान में बताया कि मैच के टिकट सितंबर 2025 से ऑनलाइन बिक्री के लिए उपलब्ध कराए गए थे। वहीं हॉस्पिटैलिटी टिकट की कीमत 251.34 यूरो रखी गई थी।

## कोकीन टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद निक किर्गियोस अस्थायी रूप से सस्पेंड



लंदन। इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस को अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया है। 31 वर्षीय किर्गियोस जून में कोकीन के मेटाबोलाइट (कोकीन के टूटने से बनने वाला पदार्थ) के लिए पॉजिटिव पाए गए थे। किर्गियोस ने 22 जून को स्पेन के मैलोर्का में एटीपी 250 इवेंट के दौरान अपना सैंपल दिया था। 17 जुलाई को, वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) से मान्यता प्राप्त एक लैब ने बेंजोइलएक्गोनिन की मौजूदगी की पुष्टि की, जो कोकीन का एक मेटाबोलाइट है। कोकीन को वाडा की प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में स्टिमुलेंट (उत्तेजक) और दुरुपयोग किए जाने वाले पदार्थ के रूप में वर्गीकृत किया गया है। टेनिस एंटी-डोपिंग प्रोग्राम के तहत प्रतियोगिता के दौरान इस पर प्रतिबंध है।

जो एथलीट प्रतियोगिता के बाहर इस पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाए जाते हैं, उनके लिए दुरुपयोग किए जाने वाले पदार्थों के मामले में कम सजा का प्रावधान है। आईटीआईए ने कहा, "पदार्थ की प्रकृति के कारण, अस्थायी सस्पेंशन अनिवार्य है और यह 4 अगस्त से लागू है। अक्टूबर 2016 में वर्ल्ड सिंगल्स रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 13वें स्थान पर पहुंचने वाले किर्गियोस के पास अस्थायी सस्पेंशन के खिलाफ अपील करने का अधिकार है, लेकिन उन्होंने अब तक ऐसा नहीं किया है।" सस्पेंशन के कारण, किर्गियोस वर्ल्ड टेनिस, डब्ल्यूटीए, एटीपी, ग्रैंड स्लैम या किसी भी राष्ट्रीय संघ की तरफ से आयोजित या स्वीकृत किसी भी इवेंट में खेल नहीं सकते, कोचिंग नहीं कर सकते या उसमें शामिल नहीं हो सकते। नियमों के उल्लंघन की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए, किर्गियोस ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में अपनी चुप्पी तोड़ी। हाल की मुश्किलों के कारणों पर बात करते हुए, विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट ने शारीरिक समस्याओं के उस कठिन दौर का जिक्र किया जिसने उनके करियर को प्रभावित किया है।

# अगर बाल रूखे और बेजान हैं, तो लगाएं मेथी के दाने से बना हेयर मास्क, हफ्ते भर में दिखेगा फर्क



मेथी के दाने हमारी रसोई में बहुत आम हैं। इनका इस्तेमाल सब्जियों, दाल और दूसरी चीजों में स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है। लेकिन यही छोटे-छोटे दाने बालों की देखभाल में भी काम आ सकते हैं। खासकर जब बाल रूखे, बेजान या कमजोर नजर आने लगें, तब मेथी से बना लेप एक समाधान हो सकता है। इसमें कुछ ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो बालों और सिर की त्वचा के लिए मददगार होते हैं। मेथी में प्रोटीन बेहतर मात्रा में पाया जाता है। इसके बीजों में प्रोटीन और कई अमीनो एसिड पाए जाते हैं। बालों का मुख्य ढांचा ही केराटिन नाम के प्रोटीन से बना होता है। इसलिए बालों की अच्छी सेहत के लिए शरीर को पर्याप्त प्रोटीन मिलना जरूरी है। मेथी खाने से मिलने वाला प्रोटीन शरीर के पोषण में मदद करता है। वहीं, मेथी का लेप बालों पर लगाने से बालों की सतह मुलायम और बेहतर महसूस होती है। मेथी की एक खासियत यह भी है कि इसमें गैलेक्टोमैनन नाम का घुलनशील रेशा भी होता है। पानी में भिगोने के बाद मेथी के दाने चिपचिपे हो जाते हैं। यही चिपचिपापन मेथी के पेस्ट को बालों पर एक हल्की परत बनाने में मदद करता है। यह परत बालों में नमी को बनाए रखने में मदद कर सकती है। इसी वजह से मेथी का इस्तेमाल करने के बाद रूखे बाल ज्यादा मुलायम लगते हैं। मेथी में आयरन, कैल्शियम, विटामिन और निकोटिनिक एसिड जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। आयरन शरीर के लिए जरूरी है और इसकी कमी होने पर बाल झड़ने की समस्या पैदा होती है। लेकिन सिर पर मेथी का पेस्ट लगाने से शरीर में आयरन की कमी पूरी नहीं होगी। इसके लिए डाइट में आयरन से भरपूर चीजों को शामिल करना पड़ेगा। अब बात करते हैं इसे इस्तेमाल करने के तरीके की। मेथी के दानों को रातभर पानी में भिगोकर रखना सबसे आसान तरीका है। सुबह पानी निकालकर दानों को पीस लें। इससे गाढ़ा और चिपचिपा लेप तैयार हो जाएगा। इसे बाल धोने से पहले सिर की त्वचा और बालों की लंबाई पर लगाए। करीब 20 से 30 मिनट बाद बालों को सामान्य तरीके से धो लें। भिगोने की वजह से मेथी नरम हो जाती है और उसका चिपचिपा हिस्सा बाहर आता है, जो बालों को मुलायम बनाने में मदद करता है। अगर बाल बहुत रूखे हैं, तो मेथी के लेप में थोड़ा नारियल तेल मिलाए।

# सांस की सेहत का रखें ख्याल, धूल-धुंए से बचाव के साथ अपनाएं ये आसान उपाय

हवा में बढ़ता धुआं, धूल और पार्टिकुलेट प्रदूषण सिर्फ बाहर निकलने में परेशानी नहीं पैदा करता, बल्कि सांस से जुड़ी दिक्कतों को भी बढ़ा सकता है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से अस्थमा या किसी दूसरी सांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों को प्रदूषित हवा में ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत होती है। ऐसे में थोड़ी सी सतर्कता और रोजमर्रा की कुछ आसान आदतें सांस की सेहत को बेहतर रखने में मदद कर सकती हैं। आयुष मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि हवा में मौजूद धूल, धुआं और बारीक कण सांस के साथ शरीर के अंदर पहुंच सकते हैं। इससे कुछ लोगों में खांसी, गले में खराश, नाक बंद होना, सांस लेने में परेशानी या घरघराहट जैसी दिक्कतें बढ़ सकती हैं। इसके अलावा, ईएनएसओ से जुड़ी सूखे की परिस्थितियां कुछ क्षेत्रों में जंगलों में आग और धूल भरी आंधियों का खतरा बढ़ा सकती हैं। इससे हवा में धुआं और पार्टिकुलेट प्रदूषण बढ़ने पर सांस की समस्याएं और परेशान कर सकती हैं। इसलिए बच्चों और बुजुर्गों के साथ-साथ पहले से सांस की बीमारी वाले लोगों को खास सावधानी रखनी चाहिए। सांस और गले को आराम देने के लिए दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है। बहुत ठंडे पानी की जगह गुनगुना पानी या हर्बल इन्फ्यूजन लिया जा सकता है। इससे शरीर हाइड्रेटेड रहता है और गले में होने वाली सूखापन या खराश में कुछ राहत मिल सकती है। हल्की सर्दी-जुकाम या खांसी में कुछ पारंपरिक घरेलू उपाय भी आजमाए जाते हैं। जैसे सूखी अदरक यानी सोंठ को गुड़ के साथ लेना, हल्दी वाला दूध या तुलसी के रस में शहद मिलाकर लेना। हालांकि, ये उपाय लक्षणों में राहत के लिए हो सकते हैं, किसी गंभीर बीमारी का इलाज नहीं हैं।

# फ्लू को हल्के में लेना पड़ सकता है भारी, बीमारी में भूलकर भी न करें ये गलतियां



मौसम बदलने के साथ सर्दी, खांसी और बुखार जैसी परेशानियां आम हो जाती हैं। इन्हीं में से एक है फ्लू। यह एक तरह का वायरस से होने वाला संक्रमण है, जो नाक और गले के साथ-साथ फेफड़ों पर भी असर डालता है। कई बार फ्लू के लक्षण इतने सामान्य होते हैं कि लोग इसे मामूली सर्दी-जुकाम समझ लेते हैं और अपनी मर्जी से दवाएं लेने लगते हैं। यही छोटी-छोटी गलतियां कई बार बीमारी को बढ़ा सकती हैं। फ्लू होने पर शरीर को वायरस से लड़ने के लिए आराम, पानी और अच्छे खाने की जरूरत होती है। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। फ्लू में अचानक बुखार आ सकता है। इसके साथ खांसी, गले में दर्द, सिरदर्द, शरीर में दर्द और बहुत ज्यादा थकान महसूस हो सकती है। कुछ लोगों को भूख भी कम लगती है। आम तौर पर कई लोग घर पर आराम करने से ठीक हो जाते हैं, लेकिन हर व्यक्ति की हालत एक जैसी नहीं होती। अगर बुखार बहुत ज्यादा हो, सांस लेने में परेशानी हो, सीने में दर्द हो, बहुत ज्यादा कमजोरी महसूस हो या तबीयत लगातार बिगड़ती जाए तो डॉक्टर से सलाह लेनी जरूरी है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से किसी बीमारी से परेशान लोगों को फ्लू में खास सावधानी रखनी चाहिए। फ्लू के दौरान बुखार आने और पसीना निकलने से शरीर में पानी कम हो सकता है। बीमारी में कई लोगों को पानी पीने का मन कम करता है। ऐसे में शरीर में पानी की कमी हो सकती है और कमजोरी ज्यादा महसूस हो सकती है। इसलिए दिनभर थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें। सूप, नारियल पानी और दूसरे तरल पदार्थ भी लिए जा सकते हैं। अगर उल्टी या दस्त भी हो रहे हैं तो शरीर में पानी और नमक की कमी जल्दी हो सकती है। ऐसी स्थिति में डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। चाय और कॉफी को पानी का विकल्प न बनाएं। शरीर को सबसे ज्यादा जरूरत सामान्य पानी और दूसरे सही तरल पदार्थों की होती है। फ्लू होने पर शरीर अंदर से वायरस से लड़ रहा होता है। इसलिए उस समय ज्यादा काम करने से थकान बढ़ सकती है। अगर बुखार और शरीर में दर्द है तो आराम करना ज्यादा जरूरी है। पर्याप्त नींद लेने से शरीर को खुद को संभालने का समय मिलता है। बीमारी के दौरान दूसरों से थोड़ी दूरी बनाना भी जरूरी है, क्योंकि फ्लू एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक फैल सकता है। खांसते या छींकते समय मुंह और नाक ढकें और हाथ साफ रखें।

# क्या बकरी का दूध डेंगू में फायदेमंद होता है, क्या इससे तेजी से प्लेटलेट्स बढ़ते हैं, आइये जानते हैं सच्चाई



बारिश के मौसम में मच्छरों से फैलने वाली बीमारी डेंगू लोगों को बीमार करती है। जमा हुए पानी में डेंगू का मच्छर पनपता है और लोगों को काटने के बाद बीमार करता है। डेंगू होने पर कई आयुर्वेदिक नुस्खे अपनाए जाते हैं। जिसमें से एक है बकरी का दूध, आयुर्वेदिक डॉक्टर से जानते हैं क्या बकरी का दूध डेंगू में फायदेमंद होता है। क्या वाकई बकरी का दूध पीने से प्लेटलेट्स बढ़ते हैं। आयुर्वेदिक डॉक्टर चंचल शर्मा के मुताबिक, आयुर्वेद में बकरी के दूध को 'छाग पय' कहा गया है। इसका अर्थ आयुर्वेद के एक विख्यात श्लोक से समझते हैं-

छागं पयः स्यात् प्रथमं प्रयोगे गव्यं श्रृतं पञ्चगुणे जले वा।
सशर्करं माक्षिकसंप्रयुक्तं विदारिगन्धादिगणैः श्रृतं वा॥

चरक संहिता (चिकित्सास्थान, अध्याय 8 — 'राजयक्ष्मा चिकित्सा')

अर्थात शरीर के रक्तपित्त और कमजोरी जैसे टीबी/राजयक्ष्मा के इलाज के लिए बकरी का दूध पहली पसंद होना चाहिए। अगर बकरी का दूध न मिले, तो गाय के दूध में उससे पांच गुना पानी मिलाकर तब तक उबालना चाहिए जब तक कि पानी पूरी तरह सूख न जाए। इसके बाद इसमें मिश्री मिलाकर या विदारीगंधादि गण समूह की ताकत बढ़ाने वाली जड़ी-बूटियों के साथ पकाकर मरीज को देना चाहिए।

आसानी से पचने वाला- बकरी का दूध आसानी से पचने वाला होता है। इसके फैट के कण गाय के दूध की तुलना में छोटे होते हैं, जिससे यह पेट के लिए हल्का होता है और जल्दी पच जाता है।

ब्लीडिंग और खांसी में आराम- बकरी का दूध ब्लीडिंग की समस्या, पुरानी खांसी और क्षय रोग यानि टीबी जैसी बीमारियों में फायदा करता है। कमजोरी वाली बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए टॉनिक का काम करता है।

इम्यूनिटी और ताकत बढ़ाए- इसमें मौजूद जिंक, सेलेनियम और जरूरी फैटी एसिड शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाते हैं और एनर्जी देते हैं।

हड्डियों की मजबूती- बकरी का दूध कैल्शियम, मैग्नीशियम और फ़ॉस्फोरस का अच्छा स्रोत है, जो हड्डियों की डेंसिटी बनाए रखने में मदद करते हैं।

# घर में किसी को डेंगू हो जाए तो बाकी परिवार कैसे बचे? डॉक्टर ने बताए जरूरी उपाय

डेंगू एक गंभीर और संक्रामक बीमारी है, जो एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। इसे 'हड्डी तोड़ बुखार' भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें मरीज को तेज बुखार के साथ मांसपेशियों और जोड़ों में बहुत तेज दर्द होता है। मानसून और उसके बाद के महीनों में जलभराव और गंदगी के कारण यह बीमारी तेजी से फैलती है। डेंगू के मुख्य लक्षणों में अचानक तेज बुखार आना, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, उल्टी, त्वचा पर लाल चकत्ते और बहुत ज्यादा थकान लगना शामिल हैं। डेंगू में शरीर के प्लेटलेट्स तेजी से गिरने लगते हैं, जिससे मरीज की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि घर में किसी को डेंगू हो तो बाकी परिवार कैसे बचे। डॉ. हतिंदर जीत सिंह सेठी, डायरेक्टर, इंटरनल मेडिसिन,फोर्टिस हॉस्पिटल,मानेसर ने बताया है कि डेंगू से बाकी घर वाले कैसे बच सकते हैं। डेंगू का मामला घर में सामने आते ही सिर्फ मरीज की देखभाल करना काफी नहीं है। परिवार के बाकी सदस्यों को भी मच्छरों से बचाव के लिए तुरंत सावधानी बरतनी चाहिए। डेंगू सीधे एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता, लेकिन संक्रमित व्यक्ति को काटने वाला एडीज मच्छर बाद में किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटकर संक्रमण फैला सकता है। इसलिए मरीज और परिवार, दोनों को मच्छरों से बचाना बेहद जरूरी है। सबसे पहले मरीज को मच्छरों से बचाएं। बीमारी के शुरुआती दिनों में संक्रमित व्यक्ति के खून में वायरस मौजूद हो सकता है। ऐसे में मरीज को दिन में भी मच्छरदानी के अंदर आराम कराएं और कमरे में मच्छर भगाने वाले सुरक्षित उपाय अपनाएं।

## माता-पिता की ये आदत बच्चों को बना सकती है डायबिटीज का शिकार

दुनियाभर में बड़ी संख्या में बच्चे डायबिटीज का शिकार हो रहे हैं। कई बार बच्चों में मां के पेट से ही ब्लड शुगर लेवल हाई पाया जाता है। डायबिटीज ऐसी बीमारी है जो धीरे-धीरे आपके पूरे शरीर को खोखला बना देती है। शरीर में ब्लड शुगर बढ़ने से दूसरे अंगों पर भी असर पड़ता है। इसीलिए डायबिटीज को साइलेंट किलर माना जाता है।

10 से 14 साल की उम्र के बच्चों में डायबिटीज तेजी से बढ़ने वाली बीमारी है। इसकी वजह माता पिता की कई आदतें और खराब लाइफस्टाइल को माना जा रहा है। हेल्थ एक्सपर्ट से जानते हैं कि बच्चों में बढ़ती डायबिटीज के कारण क्या हैं और इसे कैसे कम किया जाए? एक रिपोर्ट की मानें तो दुनियाभर में साल 1990 की तुलना में 2019 में 10 से 14 साल के बच्चों में करीब 52 प्रतिशत से ज्यादा बच्चे डायबिटीज के शिकार हुए। वहीं 1 से 4 साल के बच्चों में करीब 30.52 प्रतिशत केस बढ़े हैं। दूसरे देशों के मुकाबले भारत में डायबिटीज के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं।

आर्टिफिशियल शुगर- शारदा हॉस्पिटल के इंटरनल मेडिसिन डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ भुमेश त्यागी का कहना है आजकल माता पिता बच्चों के ऐसे ड्रिंक्स पिला रहे हैं जिसमें शुगर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है।

# भूख नहीं लगती, पेट साफ नहीं होता तो ऐसे करें मुनक्का का सेवन, आयुर्वेद में बताया गया है ये उपाय

आजकल की अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण लोगों में पेट की समस्या तेजी से पनप रही हैं। मैदा, बाहर का खाना, फाइबर की कमी और हेल्दी फूड के कारण शरीर में कब्ज की समस्या बढ़ने लगती है। पेट ठीक से साफ नहीं होता और यहीं से रोगों की शुरुआत होती है। आयुर्वेद में पेट और पाचन को ही रोगों की सारी जड़ माना जाता है। ऐसे में अगर आपको कब्ज की शिकायत रहती है। आपको भूख कम लगती है तो इसके लिए दूध में मुनक्का डालकर सेवन करने की सलाह दी जाती है। आचार्य बाल कृष्ण ने बताया दूध में मुनक्का डालकर कैसे उपयोग करें। आचार्य बालकृष्ण के मुताबिक जिनको भूख कम लगती है, उसके लिए मुनक्का बहुत फायदेमंद है। ये मेवा नहीं बल्कि दिव्य औषधि की तरह काम करताहै। जिनको भूख कम लगती है वो दूध में मुनक्का उबाल कर नियमित रूप से सेवन कर सकते हैं। इससे भूख बढ़ती है और कब्ज की समस्या दूर रहती है। कब्ज के रोगी अगर 30-40 मुनक्का रात को दूध में डाल के उबाल करके पीते हैं तो फायदा होगा। इससे शारीरिक कमजोरी दूर होगी, भूख भी बढ़ेगी, पेट भी साफ होगा। जिनको ज्यादा कब्ज है वो लोग इसमें थोड़ी ईसबगोल की भूसी मिलाकर भी खा सकते हैं। हालांकि आयुर्वेद में पेट साफ करने के लिए कई सारी औषधियां हैं, जिसमें साफ करने वाले गुण होते हैं। इसके लिए त्रिफला और पंचसकार काफी असरदार है। लेकिन दूध में मुनक्का डालकर पीना एक बहुत ही गुणकारी लाभकारी उपयोग है। यह असंतुलन या दोष कई कारणों से पैदा होता है, जैसे कि गलत खान-पान की आदतें, अस्वस्थ जीवनशैली और ऐसी जीवनशैली जो प्राकृतिक सेहत के खिलाफ हो।

## गर्मी में क्या है इसे पीने का सही तरीका और एक दिन में कितने कप पिएं?

चाय पीने के शौकीन न गर्मी देखते न सर्दी, बस उन्हें को चाय का कप और उसमें से आती महक दिखती है। लाखों लोग ऐसे हैं जिनके दिन की शुरुआत चाय की चुस्की के साथ होती है। हालांकि सीजन के हिसाब से चाय की मात्रा कम या ज्यादा की जा सकती है। गर्मी में ज्यादा चाय पीने से एसिडिटी और पेट में जलन की समस्या हो सकती है। सरकार ने भी गर्मी में ज्यादा चाय-कॉफी न पीने की एडवाइजरी जारी की है। अगर आप चाय के शौकीन हैं तो बिल्कुल बंद करना मुश्किल हो सकता है। न्यूट्रीशियन, वेट लॉस कोच और कीटो डाइटिशियन डॉक्टर स्वाति सिंह से जानते हैं गर्मी के दिनों में कितनी चाय और कैसे पीनी चाहिए? डाइटिशियन स्वाति सिंह का कहना है कि अगर आप गर्मी में बिना चाय या कॉफी के नहीं रह सकते, तो ऐसे लोगों को अपने दिन की शुरूआत 1 गिलास पानी के साथ करनी चाहिए। इससे चाय के असर को थोड़ा कम किया जा सकता है। अगर आपने 1 कप चाय पी है तो आपको इसके लिए 1 गिलास पानी पीना ही पड़ेगा। ये पानी की मात्रा आपके रोजाना पीने वाले पानी से अलग है। यानि आप दिन में 3 कप चाय पीते हैं तो अपने पानी में 3 गिलास पानी की मात्रा और बढ़ा लें।

## पेट की चर्बी घटाने के साथ ही रीढ़ को लचीला बनाता है पश्चिमोत्तानासन



प्राचीन ग्रंथों में शरीर और मन की शुद्धि के लिए योग परंपरा का वर्णन मिलता है, उनमें पश्चिमोत्तानासन का विशेष स्थान है। यह आसन पूरे शरीर के पीछे वाले हिस्से यानी रीढ़, कमर और पैरों की मांसपेशियों को खींचकर लचीला बनाता है। संस्कृत में 'पश्चिम' का अर्थ है, शरीर का पिछला हिस्सा, उत्तान का अर्थ खिंचाव होता है और आसन का अर्थ मुद्रा होता है। यानी यह आसन शरीर के पिछले हिस्से को गहराई से खींचता है। इस आसन में हम बैठकर आगे की ओर झुकते हैं, जिससे पूरी रीढ़ की हड्डी, पेट के अंग और नसों पर सकारात्मक असर पड़ता है। यह आसन हठ योग की 12 मूल आसनों में गिना जाता है। उनके अनुसार, यह आसन पीठ और पैरों को अच्छा खिंचाव देता है और पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है। यही नहीं, पेट की चर्बी को भी कम करता है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, पश्चिमोत्तानासन (बैठकर आगे झुकने वाला आसन) शरीर के पिछले हिस्से में तीव्र खिंचाव पैदा करता है। यह आसन पाचन अंगों को सक्रिय करता है, पेट की चर्बी घटाने में मदद करता है और रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है। आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों ही इसे डायबिटीज, कब्ज और मानसिक तनाव दूर करने के लिए लाभकारी मानते हैं। पश्चिमोत्तानासन करने का सबसे सही समय सुबह का माना गया है।

# रातभर सोने के बाद भी दिन में थकान और आलस रहता है, ऐसा आयरन की कमी से हो सकता है

कुछ लोगों को शरीर में थकान, कमजोरी, आलस या अक्सर तनाव रहता है, जिसे लोग नींद की कमी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन अगर आपको रातभर सोने के बाद भी ऐसा महसूस होता है तो इसे इग्नोर न करें। शरीर में ये बदलाव आयरन की कमी के कारण भी हो सकते हैं। इंस्टाग्राम पर डॉक्टर कुणाल सूद ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो ऐसे लक्षणों के बारे में बता रहे हैं जो शरीर में अधिक आयरन की आवश्यकता का संकेत हो सकते हैं। डॉक्टर सूद ने बताया कि अगर पर्याप्त नींद के बाद भी आपको थकान महसूस होती है और इसके साथ शरीर में कुछ अन्य लक्षण भी महसूस होते हैं तो इन पर ध्यान देना जरूरी है।

हर समय ठंड लगना- थकान और कमजोरी के साथ अगर आपको दिन में लगातार ठंड लगती रहती है तो ये शरीर में आयरन की कमी का संकेत हो सकता है। शरीर में खून की कमी होने के कारण सामान्य से अधिक ठंड लगती है।

नॉर्मल काम में सांस फूलना- डॉक्टर सूद ने बताया कि रोज के काम करते वक्त अगर आपकी सांस फूलने लगती है तो ये नॉर्मल नहीं है। खासतौर से ऐसे काम करते वक्त सांस फूलना, जिससे नॉर्मली सांस नहीं फूलती है। इस बात का संकेत हो सकता है कि आपके शरीर को अधिक आयरन की ज्यादा जरूरत है।

बालों का झड़ना- शरीर में आयरन की कमी का एक और बड़ा लक्षण है तेजी से बालों का झड़ना। अगर नॉर्मल से ज्यादा बाल झड़ रहे हैं तो एक बार डॉक्टर तो जरूर दिखाएं। हालांकि शरीर में आयरन की कमी के अलावा भी हेयरफॉल के कई दूसरे कारण भी हो सकते हैं।

पीली त्वचा या आंखें- अगर आपकी आंखों का रंग पीला हो रहा है। त्वचा भी हल्की पीली दिख रही है तो ऐसा रंग ध्यान देने वाला संकेत है। आपकी त्वचा का पीलापन शरीर में आयरन की कमी का लक्षण हो सकता है। शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं कम होने पर पीलापन आने लगता है।

ध्यान रखें कि ये लक्षण शरीर में आयरन की कमी के साथ दूसरी समस्याओं का संकेत भी हो सकते है। ऐसा शरीर में पोषक की कमी का संकेत हो सकता है। अगर लंबे समय तक ये लक्षण बने रहते हैं तो किसी डॉक्टर को दिखाने की जरूरत है। अगर शरीर में आयरन की कमी लंबे समय तक बनी रहे तो इससे आयरन-डिफिशिएंसी एनीमिया की स्थिति हो सकती है। ऐसे में शरीर के ऊतकों तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने में परेशानी होती है और व्यक्ति को लगातार कमजोरी, थकान तथा काम करने में परेशानी महसूस हो सकती है। आयरन की कमी से बचने के लिए संतुलित आहार लेना जरूरी है।



# बेंगलुरु के सरकारी अधिकारी के भ्रष्टाचार की खुली पोल, छापे में 18 करोड़ की संपत्ति का पता लगा, 2.5 करोड़ कैश बरामद



बेंगलुरु। कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस ने बेंगलुरु के विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी के खिलाफ आय से ज्ञात स्त्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित के मामले सर्च किया। संबंधित आरोपी सरकारी अधिकारी के आवास, कार्यालय और उनके रिश्तेदारों के आवासों सहित 11 से अधिक स्थानों पर एक साथ तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके द्वारा अर्जित कुल 18 करोड़ रुपये की संपत्ति में से 13 करोड़ आय से अधिक अर्जित करने की जानकारी सामने आई। के.एल.ए., पुलिस स्टेशन में सरकारी अधिकारी B मल्लिकार्जुन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।आरोपी सरकारी अधिकारी के 11 स्थानों पर तलाशी के दौरान 2 मकान, 100 एकड़ 05 गुंटा कृषि भूमि जिसकी कीमत 14 करोड़ 28 लाख 57 हज़ार है को अटैच किया गया है।साथ ही अधिकारी के आवास से 2 करोड़ 53 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं, 3,10,000 मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण, 15,00,000 मूल्य के वाहन, 1,00,00,000 का बैंक बैलेंस, 33,40,535/- मूल्य का घरेलू सामान को भी भ्रष्ट कमाई की लिस्ट में शामिल किया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है। उसके पास से इतनी संपत्ति बरामद हुई थी कि छापामारी करने वाली टीम भी हैरत में पड़ गई थी कि आखिर इतना पैसा कहां से आया।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की, शव को तुंगभद्रा नदी में फेंका

दावणगेरे। कर्नाटक के दावणगेरे जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां के पमेनाहल्ली गांव में एक घटना हुई है, जहां एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी, क्योंकि पति को इस बात का पता चल गया था कि उसकी पत्नी के अवैध संबंध थे। हत्या के बाद दोनों ने मिलकर उसके शव को तुंगभद्रा नदी में फेंक दिया। पुलिस ने 36 साल के रघु की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी श्रुति और उसके प्रेमी उबेदुल्लाह को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, रघु के रोज शराब पीकर आने और अपने 2 बच्चों के सामने गाली गलौच और मारपीट करने से श्रुति परेशान रहने लगी थी। इसी बीच एक अस्पताल में माली का काम करने वाले उबैदुल्लाह से उसकी मुलाकात हुई। उबैदुल्लाह श्रुति को आर्थिक रूप से मदद करने लगा और ये मुलाकात धीरे धीरे अवैध संबंध में बदल गई। जब इस बात की भनक उसके मजदूर पति रघु को लगी तो दोनों के बीच झगड़ा और भी बढ़ गया, जिसके बाद श्रुति और उबैदुल्लाह ने मिलकर रघु को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। इस योजना के तहत 11 अगस्त को एक दोस्त के जरिये उबैदुल्लाह ने रघु को शराब के ठेके पर बुलाकर उसे खूब शराब पिलाई और फिर सुनसान जगह पर ले जाकर गाला घोंटकर उसकी हत्या कर दी, इसके बाद तीनों ने मिलकर रघु के शव को तुंगभद्रा नदी में फेंक दिया। इसके बाद अनजान बनकर वो भी रघु के घरवालों के साथ मिलकर उसकी तलाश में जुट गई और पुलिस स्टेशन में मिसिंग रिपोर्ट भी लिखवा दी, श्रुति के गोलमोल जवाब और बदले हुए रुख से रघु के परिवार वालों को श्रुति पर ही शक होने लगा और उन्होंने श्रुति के खिलाफ भी पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। सख्ती से पूछताछ करने पर श्रुति ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया, श्रुति के बयान के आधार पर उसके प्रेमी दोस्त उबैदुल्लाह इस अपराध में मदद के लिए सुरेश नाम के आरोपी को भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। रघु के शव की तलाश की जा रही है। इससे पहले क्राइम की एक ऐसी ही खबर सामने आई थी, जिसमें पत्नी की हत्या पति द्वारा की गई थी। दोषी पति को उम्रकैद हुई थी। पुलिस की पूछताछ में मामले से जुड़े कई अहम तथ्य सामने आने के बाद जांच का दायरा बढ़ाया गया है। पुलिस के अनुसार, रघु के लापता होने की शिकायत दर्ज होने के बाद शुरुआती जांच में उसकी पत्नी श्रुति के बयानों में विरोधाभास पाए गए। इसके बाद पुलिस ने उसके मोबाइल फोन, कॉल डिटेल और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की जांच की, जिससे मामले में संदेह और गहरा गया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान श्रुति ने कथित तौर पर हत्या की योजना के बारे में जानकारी दी। जांच में सामने आया कि रघु को शराब पिलाने के बाद उसे सुनसान स्थान पर ले जाया गया था।

# मणिपुर में अगले 3 दिन के लिए बंद रहेंगे सभी स्कूल और कॉलेज, NRC अपडेट की मांग को लेकर आंदोलन तेज

मणिपुर सरकार ने राज्य में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए सभी शैक्षणिक संस्थानों को 3 दिनों के लिए बंद रखने का आदेश दिया है। सरकार के आदेश के मुताबिक, 20 अगस्त से राज्य के सभी स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान अगले 3 दिनों तक बंद रहेंगे। दरअसल, राज्य में जनगणना से पहले राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC) को अपडेट करने की मांग को लेकर आंदोलन जारी है। इसी मांग को लेकर कैंपेन फॉर जस्ट एंड फेयर डिलिमिटेशन (JFD) ने 48 घंटे के आम हड़ताल का आह्वान किया है। हड़ताल के दूसरे दिन मणिपुर के घाटी जिलों के अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शनकारियों ने रैलियां निकालीं और कई राजनेताओं के पुतले भी फूंके। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि राज्य में जनगणना की प्रक्रिया शुरू होने से पहले NRC को अपडेट किया जाए। JFD ने अपने आंदोलन को और तेज करने का ऐलान करते हुए गुरुवार से सभी सरकारी कार्यालयों के बहिष्कार की भी घोषणा की है। संगठन का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर उचित फैसला नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बता दें कि मणिपुर में जनगणना से पहले NRC अपडेट करने की मांग के पीछे मुख्य मुद्दा नागरिकता, कथित अवैध प्रवासन और जनसंख्या के आंकड़ों को लेकर है। प्रदर्शनकारी संगठनों, खासकर Campaign for Just and Fair Delimitation (JFD) का कहना है कि पहले यह तय किया जाए कि राज्य में कौन भारतीय नागरिक है और कौन कथित रूप से अवैध प्रवासी है। इसके बाद ही जनगणना कराई जाए। जेएफडी का तर्क है कि बिना नागरिकता सत्यापन के जनगणना होने पर कथित अवैध प्रवासियों को भी आबादी की गिनती में शामिल किया जा सकता है। इससे राज्य के जनसांख्यिकीय आंकड़ों पर असर पड़ सकता है। NRC का मकसद नागरिकों की पहचान और नागरिकता से जुड़े रिकॉर्ड तैयार करना है। जनगणना (Census) का मकसद देश या



राज्य की आबादी और उससे जुड़े जनसांख्यिकीय आंकड़े जुटाना है। मणिपुर में एनआरसी अपडेट करने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच राज्य सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों को तीन दिनों के लिए बंद रखने का निर्णय लिया है। सरकार के आदेश के अनुसार, 20 अगस्त से स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। यह फैसला मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति और संभावित विरोध-प्रदर्शनों को देखते हुए लिया गया है। जनगणना से पहले एनआरसी अपडेट करने की मांग को लेकर कैंपेन फॉर जस्ट एंड फेयर डिलिमिटेशन यानी JFD की ओर से 48 घंटे के आम हड़ताल का आह्वान किया गया है। हड़ताल के दूसरे दिन घाटी के कई जिलों में प्रदर्शनकारियों ने रैलियां निकालीं और विभिन्न राजनीतिक नेताओं के पुतले जलाकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारी संगठनों का कहना है कि जनगणना शुरू होने से पहले राज्य में नागरिकता से जुड़े रिकॉर्ड को स्पष्ट किया जाना चाहिए। उनका तर्क है कि यदि नागरिकता का सत्यापन किए बिना जनगणना होती है तो कथित अवैध प्रवासियों की संख्या भी आबादी के आंकड़ों में शामिल हो सकती है, जिससे राज्य की जनसांख्यिकीय स्थिति प्रभावित होने की आशंका है।

## यूपी-एमपी और बिहार में भारी बारिश का अलर्ट, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने गुरुवार के दिन दिल्ली और आसपास के इलाकों में बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। वहीं, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यूपी और एमपी के पूर्वी हिस्सों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के अनुसार उत्तरी झारखंड, दक्षिण-पश्चिम बिहार और दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश पर डिप्रेशन के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में भारी बारिश के आसार हैं। वहीं, बिहार और झारखंड में भारी वर्षा के साथ पूर्वी मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना है। बुधवार को भारी बारिश के कारण यूपी के कई इलाकों में जलभराव हुआ है। 22 अगस्त तक हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद में भारी वर्षा की संभावना है। वहीं, उत्तराखंड में 25 अगस्त तक भारी बारिश का दौर जारी रह सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 23 अगस्त तक भारी वर्षा की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 22 से 25 अगस्त के दौरान भारी बारिश हो सकती है। 20-21 अगस्त के दौरान झारखंड में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

# डीग पुलिस ने चलाया 'ऑपरेशन काउंटडाउन', सिर्फ 48 घंटे में 45 साइबर ठग गिरफ्तार



राजस्थान के डीग जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने 'ऑपरेशन काउंटडाउन' शुरू किया है। ये ऑपरेशन जिले के पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ के. (IPS) के निर्देशन में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस ने मात्र 48 घंटे में 45 साइबर ठगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इन ठगों के पास से सिम और मोबाइलों का जखीरा जब्त किया है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, बीते 5 महीने के भीतर पुलिस ने करीब 1000 साइबर ठगों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। डीग जिला पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ के. (IPS) के निर्देशन में शुरू हुए विशेष अभियान 'ऑपरेशन काउंटडाउन' के तहत पुलिस ने मात्र 48 घंटों में 45 शातिर साइबर ठगों को दबोच लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 26 मोबाइल, 49 फर्जी सिम कार्ड और 2 मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि जिले में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए 16 अगस्त से 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत यह अभियान शुरू किया गया था। इसके बाद अलग-अलग थाना पुलिस ने रातभर छापेमारी कर ठगों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। ऑपरेशन काउंटडाउन के तहत पुलिस की अलग-अलग टीमों ने चिन्हित ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। सबसे बड़ी कार्यवाही जुरहरा थाने में हुई, जहां पुलिस ने रात के अंधेरे में ठगी कर रहे 20 लोगों को रंगे हाथों दबोचा। वहीं, कामां से 7 और सीकरी से 6 ठगों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा कैथवाड़ा पुलिस ने 5 बदमाशों को दबोचकर उनके पास से एक बाइक और 6 फर्जी सिम बरामद की है। आपको बता दें कि बीते महीने भी राजस्थान साइबर क्राइम पुलिस ने 500 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने वाले एक गिरोह के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया था। डीग पुलिस के इस अभियान के तहत गोपालगढ़ पुलिस को भी बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने वीडियो कॉल के जरिए लोगों को जाल में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले (सेक्सटॉर्शन) गिरोह के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा जालूकी से 2 और कोतवाली डीग से 2 ठगों को गिरफ्तार किया गया है।

# थाने में छेड़छाड़ के आरोपी का खौफनाक कदम, बाथरूम में पिया टॉयलेट क्लीनर, ICU में भर्ती, दरोगा-हेड कांस्टेबल सस्पेंड




कानपुर के नौबस्ता थाने में मंगलवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब महिला उत्पीड़न की शिकायत में पूछताछ के लिए बुलाए गए एक युवक ने थाने के बाथरूम में टॉयलेट क्लीनर पी लिया। युवक पहले से नशे की हालत में था और थाने पहुंचने के बाद पुलिसकर्मियों से उलझने लगा था। कुछ देर बाद उसने थाने में अपना सिर पटकना शुरू कर दिया। घटना के बाद पुलिसकर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन युवक को कांशीराम अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल युवक का इलाज आईसीयू में चल रहा है। इस पूरे मामले में थाने की सुरक्षा और निगरानी में लापरवाही सामने आने पर डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने कार्रवाई की है। नाइट अफसर दरोगा विकास गौड़ और हेड कांस्टेबल अरविंद को निलंबित कर दिया गया है। नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह के मुताबिक, नौबस्ता निवासी एक महिला के ससुर ने सरसौल क्षेत्र के महोली गांव निवासी आशीष द्विवेदी के खिलाफ शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आशीष अलग-अलग मोबाइल नंबरों से महिला को फोन कर परेशान करता था। परिवार का आरोप था कि जब महिला और उसके परिजनों ने फोन करने का विरोध किया तो युवक ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। इसी शिकायत की जांच के सिलसिले में पुलिस ने आशीष को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था।

# बेंगलुरु में नकली दवाओं का बड़ा खेल बेनकाब, फार्म हाउस से करीब 5 करोड़ का जखीरा हुआ बरामद

**कार्रवाई के दौरान 4.91 करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य की नकली, री-लेबल की गई और एक्सपायर्ड दवाइयां जब्त की गई है।**





कर्नाटक के बेंगलुरु के पास एक फार्महाउस में चल रहे एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। कर्नाटक फूड सेफ्टी एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) के ड्रग एन्फोर्समेंट विंग ने 18 अगस्त को बिडदी के कुरुबाकेरेनहल्ली स्थित एक फार्महाउस पर छापेमारी कर बिना लाइसेंस चल रहे फार्मास्यूटिकल री-पैकिंग और री-लेबलिंग ऑपरेशन का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई के दौरान करीब 4 करोड़ 91 लाख 49 हजार 575 रुपये मूल्य की दवाएं और अन्य सामग्री जब्त की गई है। FDA के मुताबिक, एक गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने फार्महाउस नंबर 34 पर यह कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि दूसरे राज्यों से कम कीमत की दवाएं मंगाई जाती थीं और उन्हें नए वायल में भरकर महंगी मल्टीनेशनल कंपनियों की दवाओं और इंपोर्टेड ब्रांड के नाम पर दोबारा लेबल किया जाता था। जांच में फाइजर के नाम का भी कथित तौर पर इस्तेमाल किए जाने की बात सामने आई है। अधिकारियों के अनुसार, इस्तेमाल किए गए लेबल पर मौजूद स्कैनिंग कोड भी काम नहीं कर रहे थे।

इस कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में दवाएं और मशीनरी जब्त की गई है, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं-

Cefiavigent 2.5 Injection के 5,640 वायल

Hizlam Injectables के 1,531 वायल

Xavitaz के 470 वायल

EMBLAVEO के 264 वायल

Zavicefta के 165 वायल

इसके अलावा Tigynt IV, Tigvnet, Aztreo और Trezam जैसे इंजेक्शन

30 बॉक्स एक्सपायर्ड दवाएं, पैकेजिंग सामग्री, इंजेक्शन भरने की मशीनरी, और फर्जी लेबल और स्टांप

FDA ने इसे मरीजों के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर जोखिम बताया है। विभाग के अनुसार, कम कीमत वाली या अन्य दवाओं को प्रीमियम ब्रांड के तौर पर पेश किए जाने से मरीजों की वास्तविकता, गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। इसके अलावा, एक्सपायर्ड दवाओं की बरामदगी ने जांच एजेंसियों की चिंता को और बढ़ा दिया है। बिना लाइसेंस दवाओं के निर्माण, भंडारण, वितरण और नकली दवाओं से जुड़ी ये गतिविधियां, ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 का उल्लंघन हैं। विभाग ने बताया कि ऐसे मामलों में संबंधित धाराओं के तहत कम से कम 10 वर्ष से लेकर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। जब्त दवाओं के बैच नंबर और रिकॉर्ड को कर्नाटक FDA पोर्टल पर ब्लॉक किया जा रहा है, ताकि इनकी आगे बिक्री या सप्लाई रोकी जा सके। बरामद दवाओं के सैंपल लैब में भेजे गए हैं जहां उनकी केमिकल कंपोजिशन, स्टेरिलिटी और पोटेंसी की जांच की जाएगी। यह फार्महाउस सिद्धया नाम के व्यक्ति का है, जिसने इसे प्रशांत नाम के शख्स को लीज पर दिया था। प्रशांत ने अपने रिश्तेदार तेजस को फार्महाउस के रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी थी। जब रेड हुई, तब प्रभु देव गौड़ा नाम का आरोपी इन नकली दवाओं और पैकेजिंग के सामान के साथ मिला, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# राष्ट्रीय स्तर का पहलवान अमित श्योराण गिरफ्तार, पहलवानों को अफीम सप्लाई करता था



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और झारखंड पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन में राष्ट्रीय स्तर के पहलवान अमित श्योराण को गिरफ्तार किया है। वह झारखंड के धुर्वा (तुपुदाना) थाने के NDPS मामले में वांटेड था। आरोपी को 6 दिसंबर 2023 को अपराधी घोषित किया गया था। झारखंड पुलिस ने आरोपी को दिल्ली के मधुबन चौक मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह दिल्ली-हरियाणा के अखाड़ों में पहलवानों को अफीम सप्लाई करता था। आरोपी ने 2013 में कन्याकुमारी में नेशनल कैडेट कुश्ती प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया था। वह बाद में दिल्ली-हरियाणा के पहलवानों को अफीम सप्लाई करने के नेटवर्क से जुड़ा। उस पर झारखंड के राजेश नाग से अफीम लेकर दिल्ली और हरियाणा में सप्लाई करने का आरोप है। 20 अप्रैल 2023 को झारखंड पुलिस ने राजेश नाग को 492 ग्राम अफीम के साथ पकड़ा था। पूछताछ में राजेश नाग ने अमित श्योराण और रंजीत को अफीम का रिसीवर बताया था।

इसी आधार पर झारखंड के तुपुदाना थाने में FIR दर्ज की गई थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने तकनीकी निगरानी और ह्यूमन इंटेलिजेंस के जरिए अमित की लोकेशन का पता लगाया था। उसका लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415